तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

12 नोडल अधिकारी घर-घर जाकर करेंगे आरटीई के आवेदन की जांच



13 पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में लोगों को जागरूक करने निकाली रैली






## खबर संक्षेप

### आरक्षक को धक्का देकर बंदी हुआ फरार

**भिलाई।** आरक्षक को धक्का देकर दंड़ित बंदी न्यायालय दुर्ग से फरार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 262 के तहत जूर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) सुनीता टोप्पो के न्यायालय में कुम्हारी के एनडीपीएस मामले में जेठूपाली थाना कोमना जिला नुआपाडा उड़िसा निवासी दिनेश उर्फ राहुल तांडी अंगुली चिन्ह लगाने के दौरान आरक्षक को धक्का देकर फरार हो गया। दिनेश के खिलाफ कुम्हारी में अपराध क्रमांक 2/224 की धारा 29 (ख), (ग) धारा 29 एनडीपीएस के तहत अभियुक्त का दोषसिद्ध कर दंड़ित किया गया। तभी शाम 4.30 बजे उक्त प्रकरण में दिनेश को मौका मिलते ही न्यायालय से फरार हो गया।

### जमीन फर्जीवाड़ा मामले में जमानत याचिका खारिज

**भिलाई।** जमीन के फर्जीवाडा मामले में दुर्ग न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ए 5 सूर्य विहार कालोनी, जुनवानी निवासी सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड की महिला डॉयरेक्टर संगीता केतन शाह ने दुर्ग तृतीय श्रेणी न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी के न्यायालय में अबपनी अग्रिम याचिका का आवेदन लगाया था। इस दौरान संगीता ने न्यायालय में आवेदन दिया कि पीड़ित को 45 लाख रुपए लौटाना चाहती है। इस दौरना उसने चेक की छाया पत्री भी दिया। न्यायाधीश ने मामले को गंभीर अपराध होने का हवाला देते हुए संगीता केतन शाह के अग्रिम जमानत याचिका को खारिच कर दिया।

### चोरी करने वाला अपचारी बालक गिरफ्त में

**भिलाई।** चोरी करने वाला अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि बालक के पास से आईफोन 11 जब्त किया है। वार्ड 33 दुर्ग निवासी आराध्या शर्मा ने शिकायत की थी कि खाना खाकर परिवार समेत सो गए थे तभी कमरे में अज्ञात चोर आया और आलामरी से नगदी रकम 50 हजार समेत अन्य सामान पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने पतासाजी करने पर अपचारी बालक को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर बालक ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### परिजनों ने जिला प्रशासन को लौटाई मुआवजा राशि, कहा दें न्याय

# बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या, पीड़ित मां की गुहार लाखों- करोड़ों नहीं चाहिए मुझे दिलाएं सिर्फ न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मोहन नगर थान के अंतर्गत उरला वार्ड में छः साल की मासूम से दुष्कर्म की घटना के बाद जिला प्रशासन द्वारा परिजनों को मुआवजा राशि देने बुलाया गया था। लेकिन मां ने यह कहकर मना कर दिया कि उन्हें लाखों व करोड़ों नहीं बल्कि न्याय चाहिए। इस दौरान पीड़ित परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर बर्बरता किए जाने का भी आरोप लगाया है।

परिजनों ने बताया कि बुधवार को जिला प्रशासन द्वारा मुआवजा राशि देने कलेक्टोरेट बुलाया गया था। लेकिन उन्होंने मुआवजा राशि लेने से इंकार कर दिया। परिजनों का कहना है कि उन्हें मुआवजा नहीं बल्कि उनकी बच्ची को न्याय चाहिए। इस निर्मम घटना की आग थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार को भी बाल कल्याण समिति और राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्यों ने पीड़ित परिजनों के घर जाकर ढांढस बंधाया और पूछताछ भी की है। इसके आलावा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित की गई जांच टीम के सदस्य भी बुधवार को दुर्ग पहुंचे थे। कांग्रेस की टीम में संयोजक संजारी विधायक संगीता सिन्हा, डोगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा, पूर्व विधायक छन्नी साहू और पूर्व महापौर हेमा देशमुख थी।

### कांग्रेस की जांच कमेटी और बाल कल्याण समिति ने लिया बयान

**खास बातें**

- ओमनगर उरला की घटना
- 6 साल की मासूम के साथ हुई थी घटना



### कांग्रेस की जांच टीम एसपी से मिलने पहुंची

कांग्रेस की पांच सदस्यीय जांच मृतक बालिका के परिजनों से घर मिलने पहुंची। इस दौरान परिजनों ने कई बिन्दुओं पर पुलिस का घेराव कर दिया। जांच टीम की सदस्य पूर्व मेयर हेमा देशमुख ने बताया कि परिजनों ने कहा है कि मृतक की आठ साल की बुआ को घटना की रात पुलिस के जवान बल पूर्वक उठा ले गए थे। परिजनों की मानें तो बालिका को डराया और धमकाया गया। उसकी दादी को पुलिस उठाती है और मारपीट करती है। मृतका के दादा से नग्न हालात में मारपीट की है। सभी ने चोट के निशान दिखाए हैं। परिजनों का कहना है कि उसके चाचा ने ऐसा कृत्य नहीं किया हैं। बल्कि चाचा बालिका का बचपन से देखभाल करता था। परिजनों से बातचीत के बाद जांच टीम पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला से मिलने पहुंची। जहां टीम ने एसपी से किस आधार पर मृतका के चाचा को आरोपी बनाए जाने पर सवाल किया। टीम ने परिजनों से मारपीट किए जाने पर पुलिस को घेरा। जिस पर एसपी ने मारपीट करने वाले जवान को सस्पेंड करने की बात कही है। ऐसे जांच टीम का कहना है।

### बाल कल्याण समिति ने भी की पूछताछ

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश साहू, बाल संरक्षण आयोग की सदस्य संगीता गजभिए व बाल संरक्षण अधिकारी प्रीति चंद्राकर सहित तीन सदस्य परिजनों से बयान लेने उनके घर पहुंचे। समिति के सवाल पर भी परिजनों ने चाचा द्वारा ऐसा कृत्य नहीं किए जाने की बात कही, वही उन्होंने सीबीआई जांच की मांग की है। परिजनों की मानें तो कार चालक और उसके मालिक शक है। समिति ने पुलिस द्वारा जिस बच्ची को उठाए ले जाने के मामले में परिवार वालों के सामने बच्ची का बयान लिया। बच्ची ने भी पुलिस पर धराने धमकाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि पुलिस ने मृतका के दादा पर भी वारदात करने का गुणा कबूल कराने न सिर्फ दबाव बनाया, बल्कि उनके साथ भी मारपीट की।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार को भी तलब

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की महिला सशक्तिकरण सेल की सदस्य शताब्दी पांडेय भी पीड़ित के घर पहुंची थी। उनके साथ संगीता मिश्रा, सरिता पटेल भी थे। शताब्दी पांडे ने हरिभूमि से बातचीच में बताया कि परिजनों से चर्चा के बाद उन्होंने घटना की जानकारी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भी दी। जिस पर आयोग ने परिजनों से उनके साथ हुए घटना की लिखित में बयान लेने की बात कही। परिजनों ने अपने लिखित बयान में कहा है कि उनके बेटी आठ साल की (मृतका की बुआ) को घटना की रात ढाई बजे उठा ले गए थे। उसे रेलवे ट्रैक पर ले जाकर डराया गया। वहीं दादी और दादा की पिटाई की गई, जिसके चोट के निशान भी पाए गए हैं।। शताब्दी पांडे ने बताया कि ये सभी बाते परिजनों ने लिखित में कही है।

**दो दिन पहले हुई थी गायब**

# रेप-हत्या मामले में एसआईटी गठित, जल्द पेश होगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ओम नगर उरला में हुए मासूम के साथ रेप और हत्या मामले में एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने एसआईटी की टीम गठित किया है। टीम में सात पुलिस अधिकारियों को रखा गया है। जिसमें आईयूसीएडब्ल्यू एएसपी पद्मश्री तंवर, थाना मोहन नगर निरीक्षक शिव प्रसाद चंद्रा, महिला थाना प्रभारी श्रद्धा पाठक, उपनिरीक्षक छावनी चेतन चंद्राकर, मोहन नगर उप निरीक्षक पारस ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र देशमुख, सहायक उप निरीक्षक रक्षा टीम संगीता मिश्रा, परधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण पात्रे को टीम में जगह दी गई है। एसआईटी की टीम मासूम के साथ हुए अनाचार व हत्या मामले के सारे साक्ष्यों का मॉनिटरिंग बेहतर ढंग से करेगी। इसके अलावा इसे जुड़े साक्ष्यों पर टीम की पैनी नजर होगी। इसका रिपोर्ट जल्द से जल्द पेश कर करने को लेकर गंभीर है। टीम सभी सदस्यों का काम बांटा गया है जो इस घटना के बारिकियों पर पैनी नजर रखेगें। इसकी सुनवाई फास्ट्रेक कोर्ट में सुनवाई होना है। इसे लेकर टीम सारे सुराग की कडियों को जोड़कर जल्द पेश करेगी।

- मोहन नगर थाना क्षेत्र की घटना
- शव कार में मिली थी

**स्पीडी ट्रायल के लिए बनी टीम**

अपराध की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण की गुणवत्तापरक और शीघ्र जांच की कार्रवाई के लिए एएसपी आईयूसीएडब्ल्यू पद्मश्री तंवर के पर्यवेक्षण में विशेष टीम बनाई गई है। जिनके द्वारा प्रतिदिन कार्रवाई करते हुए शीघ्र जांच पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष चार्जशीट पेश करना है। साथ ही पर्यवेक्षण अधिकारी इस केस को समयवद्ध और स्पीडी ट्रायल के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगें।

### इन धाराओं के तहत अपराध दर्ज

मोहन नगर पुलिस ने धारा 137 (2) बी.एन.एस. के तहत विवेचना में लिया है। जांच में आरोपी द्वारा नाबालिग के साथ अनाचार के बाद हत्या करना पाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103 (1), 64 (2) (एफ), 65(2), 66, 238 (ए) बीएनएस और 6 पाक्सो एक्ट का समावेश किया है।

**ससुराल वालों पर गंभीर आरोप**

# चाय बनाते समय पल्लू में लगी आग, महिला गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शादी के सत्रह साल बाद ससुराल में बेटी के जलने का मामला सामने आया है। छावनी पुलिस ने बताया कि 3 अप्रैल को अचानक नीतू आग लगने से जल गई। इसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर हालत होने से उसे मेकाहारा रायपुर रेफर किया गया। नीतू के परिजनों ने ससुराल पर आरोप लगाया है कि शादी के बाद से बेटी को लगातार परेशान किया जाता था। लड़की के पिता अशोक साव ने लिखित शिकायत में पति संतोष साव, सास मुन्नी देवी, ससुर गोविंद साव और ननद सपना देवी पर आग लगाकर मारने का प्रयास का आरोप लगाया है



**जांच जारी है**

"महिला ने चाय बनाते समय आग लगने का बयान दिया है। इससे पहले भी पुलिस ने परिजनों का बयान लिया। महिला का पति भी थाने आया था। अभी वो रायपुर अस्पताल में उपचरा जारी है। मामले की जांच चल रही है।

- चेतन चंद्राकर

प्रभारी छावनी थाना

# फर्जी एफडीआर पर रूद्रा इंजीनियरिंग ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई नगर निगम में निविदा लेने के लिए फर्जी एफडीआर का मामला सामने आया है। टेंडर लेने के लिए एक कंपनी ने जितनी राशि की एफडीआर चेक दिए थे उतनी रकम ही बैंक खाते में नहीं निकली। भिलाई निगम ने फर्जी एफडीआर के इस मामले में रूद्रा इंजीनियरिंग को बुधवार ब्लैक लिस्टेड कर दिया। साथ ही वर्क आर्डर को कैंसिल करते हुए इस पर रोक लगा दी है।

- भिलाई निगम का मामला, दूसरी एजेंसियों की भी जांच शुरु

रूद्रा कंपनी ने निगम में कई जगह पर निविदा में भाग लेकर कार्य करने हेतु अनुमति प्राप्त की। उसके द्वारा अलग-अलग कार्यो के लिए निविदा के माध्यम से कार्यो को संपादित करने के लिए कार्य आदेश प्राप्त किया। निगम ने इस कंपनी के एफडीआर का बैंक से सत्यापन करने पर ज्ञात हुआ कि एफ.डी.आर जितनी राशि की है, उतनी राशि उस खाते में नहीं है। इसकी जानकारी प्राप्त होते ही आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम के सभी जोन आयुक्त एवं अधीक्षण अभियंता को तत्काल रूद्रा एजेंसी को काली सूची में डालने का निर्देश दिए और उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही भी की जा रही है। निगम द्वारा रूद्रा इंजीनियरिंग से जो कार्य करवाया जा रहा था, उसे बंद करवा दिया गया है। निगम इस एजेंसी से कार्य नहीं करवाएगी।

# नशाखोरी के लिए समाज को भी चिंता करनी होगी : डीजीपी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नशाखोरी के लिए समाज के सभी तत्वों को चिंता करनी होगी। हम सब को मिलकर इसके लिए लड़ना होगा। पुलिस अपना काम कर रही है। यह बात प्रदेश के डीजीपी अरुण देव गौतम ने भिलाई भ्रमण के दौरान कही।

- डीजीपी ने दो थानों का भी किया भ्रमण

सबसे अहम बात तो यह है कि हरिभूमि ने 9 अप्रैल बुधवार को इस्पात भूमि के पहले पेज पर नशे का अड्डा मोहन नगर, भिलाई -दुर्ग समेत जिले में चार साल में तीन करोड़ के नशे का सामान पकड़ाया शीर्षक से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। उसके बाद डीजीपी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए भिलाई-दुर्ग का आकस्मिक भ्रमण किया। साथ ही पुलिस अफसरों को नशा माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान पुलिस के आला अफसरों को क्राइम पर अंकुश लगाने को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। डीजीपी गौतम पहले छावनी थाना पहुंचे लेकिन यहां पर बिजली गुल होने की वजह से वह तत्काल यहां से निकल गए। उसके बाद भिलाई नगर थाने में पहुंचकर वहां की व्यवस्था को देखा। उन्होंने कहा कि नशा को बंद करने के लिए तीन तरीकेभी बताए। जो पुलिस करती है। सप्लाई, डिमांड और प्रभाव से होगा। जो पुलिस द्वारा लगातार करने का प्रयास किया जा रहा है। भिलाई-दुर्ग में नशे के खिलाफ बड़ा अभियान भी चलाया जा रहा है। मासूम बच्चे के साथ हुई घटना को लेकर डीजीपी ने कहा कि जल्द न्याय दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान वह सेक्टर 6 के कंट्रोल रुम में भी पहुंचे, जहां पुलिस अफसरों से बातचीत की। आईजी राम गोपाल गर्ग, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, आईपीएस राहुल बंसल,सीएसपी हरिश पाटिल, सत्य प्रकाश तिवारी समेत पुलिस अफसर मौजूद थे।




**पाठक सूचना**

**हरिभूमि के सुधि पाठकों को**

अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**

**केनाल रोड शीतला कॉम्पलेक्स दुकानों का मामला दो साल पहले तक ननि ने वसूला संपत्तिकर**

# जिन्हें अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी उन्होंने ही नाले पर बना दी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

हरिभूमि-सरोकार

शहर में जिन्हें अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी दी गई है, उन्होने ही नाले पर दुकानें बनाकर लोगों को एलॉट कर दी है। भिलाई निगम क्षेत्र के अंतर्गत केनाल रोड शीतला कॉम्पलेक्स में 35 साल पहले यानी साडा कार्यकाल के दौरान 22 दुकानें एलॉट की गई थी। दुकानें नहर पर साडा ने ही बनाकर दी है। साडा भंग होने के बाद निगम अस्तित्व में आया है, लेकिन आज तक इतने सालों में कोई एक्शन नहीं लिया। वहीं दूसरी ओर निगम का राजस्व अमला दो साल पहले तक दुकानदारों से संपत्तिकर वसूलता आया है।



### जिनके नाम दुकानें आवंटित उन्होंने दूसरों को बेच दी



नाले पर निर्मित इन दुकानों को निगम ने यूं ही अपने हाल पर छोड़ दिया है। नतीजा यह हुआ कि इनमें से कई दुकानें आबंटितों ने नियम विरूद्ध बेच दी हैं। एक दुकानदार अनिल गुप्ता ने अपनी पत्नी मीरा गुप्ता के नाम से 28 साल पहले दुकान 85 हजार रुपए में खरीदी थी। पहले यह दुकान पारसनाथ गुप्ता के नाम पर एलॉट थी। इसी तरह और भी दुकानें बेची गई ।

## 35 साल पहले साडा कार्यकाल के दौरान 22 दुकानें हुई हैं एलॉट

### निगम ने वर्ष 2023 तक वसूला टैक्स

दुकानदार गणेश कुशवाहा, भूतनाथ कुशवाहा की किराने की दुकान यहां हैं। सिप्पू की हेयर कटिंग दुकान है। उन्होने बताया कि भिलाई निगम को वर्ष 2023 तक संपत्ति कर दिया है। दुकानों का निर्माण हमने नहीं किया है। इसे पूर्व साडा यानी वर्तमान निगम ने ही किया है और बकायदा आबंटित दुकानें हैं।

### दुकानों की छत का प्लास्टर गिरा

सालों पहले बनी इन दुकानों की स्थिति भी खराब हो गई है। ज्यादातर दुकानें जर्जर हाल में पहुंच चुकी है। प्लास्टर उखड़ गए हैं। छतों की हालत अच्छी नहीं है। बारिश के दिनों में दुघर्टना का खतरा मंडराता रहता है। उसके बाद भी निगम चुप्पी साधे हुए है।




### वारिस नहीं, डिस्मेंटल करेंगे

"केनाल रोड शीतला कॉम्पलेक्स की दुकानों का कोई वारिस नहीं है। इसे डिसमेंटल करना है और इसके लिए शासन को हमने पत्र लिखा है। पहले टैक्स लिया जाता था, लेकिन अब टैक्स लेना बंद कर दिया है।

- नीरज पाल

महापौर नगरनिगम भिलाई



## खबर संक्षेप




### महापौर ने किया प्याऊ घर का उद्घाटन

**दुर्ग।** वार्ड क्रमांक 24 स्टेशन रोड स्वरूप टॉकीज के करीब सनशाइन हा से स्कूल परिसर के बाहर स्काउट गाइड द्वारा कंठ सुधा प्याऊ घर का शुभारंभ महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद सुश्री पायल पाटिल, पूर्व पार्षद नरेश तेजवानी, शिक्षा विभाग क्रीड़ा अधिकारी तनवीर अकीर मौजूद थे। इस अवसर पर महापौर ने स्कूल परिसर में प्याऊ घर के शुभारंभ पर खुशी व्यक्त की और कहा कि यह स्कूल व राहगीरों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा। यह प्याऊ घर बच्चों, शिक्षकों व राहगीरों को गर्मी के मौसम में पानी की सुविधा प्रदान करेगा। स्कूल परिसर के बाहर प्याऊ घर के शुभारंभ से स्कूल के बच्चे, शिक्षक सहित नागरिक खुश हैं। प्याऊ को प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर खुबसुरती से सुसज्जित किया गया है। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि भीषण गर्मियों में अपने घर के आस पास पक्षियों व पशुओं के लिए कोटना में पानी अवश्य रखें।

### मासूम को न्याय दिलाने संस्था ने सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग।** उरला वार्ड में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के अपराधी को फास्ट्रेक कोर्ट के माध्यम से जल्द से जल्द कार्यवाही करते हुए मृत्यु दंड व फांसी की सजा दिलाने की मांग जीवनदान सेवा संस्था छत्तीसगढ़ ने जिलाधीश अभिजीत सिंह दुर्ग को ज्ञापन सौंपा हैं। जिलाधीश से आग्रह किया कि, मुजरिम को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए, जिससे कि अपराध करने वाले अपराधियों के मन में भय व्याप्त हो और ऐसी घटना भविष्य में दोबारा ना घटित हो। संगठन के महासचिव योगेश्वर मानिकपुरी ने बताया कि, जीवनदान सेवा संस्था जिला दुर्ग की महिला विंग के दिशा निर्देश पर ज्योति कम्मो चंद्राकर, ममता गोस्वामी, नाइशा चंद्राकर, नीतू कुशवाहा, सुमन ठाकुर द्वारा आज जिलाधीश को ज्ञापन सौपा गया। जिसमे संस्था के जिला अध्यक्ष मनीष सोनी, महासचिव योगेश्वर मानिकपुरी, सचिव नरेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष खिलेन ठाकुर, दीपक मानिकपुरी, डॉलर परमार, राजकुमार देवांगन सभी उपस्थित रहे।

### बैठक : कलेक्टर ने कहा-स्वीकृति के बाद नहीं आनी चाहिए शिकायत

# नोडल अधिकारी घर-घर जाकर करेंगे आरटीई के आवेदन की जांच

#### कलेक्टर ने आरटीई के अंतर्गत नोडल अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭| दुर्ग

आरटीई में लगातार आ रही शिकायत के बाद कसावट लाने कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर सक्त निर्देश दिए है। उन्होने आवेदनों की जांच घर जाकर करने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किए हैं, वही आवेदनों की स्वीकृति के बाद शिकायत नही आने की भी चेतावनी दी गई हैं।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा है कि, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम- 2009 के तहत प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। अधिनियम के तहत गरीब बच्चों को शिक्षा हेतु उच्च निजी विद्यालयों में भी प्रवेश का अवसर मिलना चाहिए। कलेक्टर आज लोक निर्माण विभाग के सभा कक्ष में आयोजित शिक्षा सत्र 2024-2025 एवं 2025-2026 में प्रवेश हेतु आरटीई के तहत नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक में उक्त बाते कही। उन्होंने कहा कि आरटीई के तहत स्कूलों में गरीब बच्चों के प्रवेश हेतु उनके अभिभावकों को पात्रता के संबंध में भ्रमित करने के बजाय सही मार्गदर्शन प्रदान करें। पात्रता का परीक्षण कर यदि उसमें प्रमाण पत्र आदि की कमी हो तो सत्यापन कराकर सही बनवायें।

**खास बातें**

- कलेक्टर ने कहा–शिकायत मिलने पर नोडल अधिकारी होंगे जिम्मदार
- भर्ती के सभी दस्तावेज तैयार रखने कहा



#### दस हजार से अधिक आवेदन

स्कूलों में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 8 अप्रैल 2025 थी। इसके अंतर्गत जिले में कुल 10742 आवेदन प्राप्त हुए है। जिले में 77 प्रचार्यों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनके द्वारा 25 अप्रैल 2025 तक आवेदनों का सत्यापन किया जाएगा। राज्य स्तर से 1 एवं 2 मई को लाटरी पद्धति से स्कूल आबंटन किया जाएगा। सहायक संचालक एवं आरटीई प्रभारी श्री अमित घोष ने निःशुल्क बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत आवेदन एवं चयन प्रक्रिया के संबंध में पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

#### ओटीपी का होगा आगे प्रावधान

आवेदक को एसएमएस से सूचित करने मोबाइल नंबर के अलावा आगामी वर्ष हेतु ओटीपी का प्रावधान संबंधी प्रस्ताव शासन को भेजने डीईओ को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि नोडल आपस में समन्वय स्थापित कर डूप्लीकेट आवेदन प्राप्त होने पर आवेदक के घर जाकर इसका सत्यापन कार्य कर रिकार्ड बनाकर रखेंगे। आरटीई स्कूलों में प्रवेश हेतु जो आवेदक पहले से आवेदन कर चुके है एवं दस्तावेज अपडेट नहीं किए है, ऐसे आवेदकों को नोडल सूचना देकर डाक्यूमेंट के संबंध में अवगत कराए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि हार्ड कॉपी और ऑनलाईन आवेदन में अपडेट दस्तावेज अलग-अलग हो तो इसका भी सत्यापन करा ले। विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के बच्चों को भी प्रवेश दिलाया जाए।

#### राशन कार्ड का भी नंबर लिया जाएगा

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नोडल अधिकारी प्रमाण पत्रों के सत्यापन पर विशेष ध्यान देंगे। सत्यापन हेतु वे स्वयं आवेदक के घर जाकर पंचनामा तैयार करायें। आवेदक के पात्र घोषित होने के बाद किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। शिकायत की स्थिति में नोडल जिम्मेदार होंगे। नियमानुसार नोडल के विरूद्ध कार्यवाही होगी। दिव्यांग बच्चों का शासकीय चिकित्सालय से जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र मान्य होगा। इसी प्रकार अंत्योदय कार्ड के संबंध में आवेदक के राशन कार्ड का नंबर भी लिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि, अभिभावक द्वारा आरटीई के अंतर्गत बच्चे के प्रवेश के लिए प्रस्तुत दस्तावेज में अलग अलग पते होने पर नोडल को संबंधित के घर में जाकर इसका सत्यापन करना होगा।

## संभागायुक्त ने ग्राम पंचायत कचांदुर का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭| दुर्ग

जिले में सुशासन तिहार के तहत आज दुर्ग संभाग के आयुक्त एसएन राठौर ने ग्राम पंचायत कचांदूर (विकासखंड दुर्ग) का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान श्री राठौर ने ग्रामवासियों एवं पंचायत पदाधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की मांगों और समस्याओं की जानकारी ली और उन्हें शासन की जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी। इसी क्रम में एडीएम अरविन्द कुमार एक्का एवं एसडीएम हरवंश सिंह मिरी ने भी विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त हो रहे जनशिकायतों और सुझावों की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि इन आवेदनों का तत्काल परीक्षण और समाधान किया जा रहा है ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

- सुशासन शिविर का जायजा शिकायतों की हो रही समीक्षा

## सड़क सुरक्षा संबंधी विषयों पर बैठक 12 को रोड सेफ्टी के अध्यक्ष होंगे शामिल

**दुर्ग।** सड़क सुरक्षा संबंधी विषयों पर 12 अप्रैल 2025 को प्रातः 11.30 बजे लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) सभा कक्ष मे बैठक आयोजन की गई है। सुप्रीम कोर्ट कमिटीओं रोड सेफ्टी (पूर्व न्यायमूर्ति सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में संबंधित अधिकारियों को बैठक मे निर्धारित तिथि एवं समय पर सड़क सुरक्षा से संबंधित वर्तमान एवं प्रचलित कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी सहित अनिवार्य रुप से उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

## शिकवा-शिकायत से ज्यादा तेरह हजार से अधिक डिमांड के आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭| दुर्ग

सुशासन तिहार में सबसे ज्यादा मांग के आवेदन पहुंच रहे है। पिछले दो दिनों में जहां 16456 मांग के आवेदन सामने आए हैं, वहीं सिर्फ में सबसे ज्यादा मांग के आवेदन पहुंच रहे है। पिछले दो दिनों में जहां 16456 मांग के आवेदन सामने आए हैं, वहीं सिर्फ 98 आवेदन शिकायत के मिले है। आवेदनों लेने के बाद तत्काल समाधान करने आनलाइन एंट्री की जा रही हैं।

- सुशासन के पहले दिन 5205 आवेदन मिले थे

प्रथम चरण 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से समस्या संबंधी आवेदन लिए जाएंगे। द्वितीय चरण में आवेदनों का निराकरण एवं तृतीय चरण 5 से 31 मई 2025 समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुशासन तिहार के प्रथम चरण के पहले दिन कुल 5205 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 5042 मांगे व 163 आवेदन शिकायत से संबंधित है। सबसे अधिक जनपद पंचायत दुर्ग में 1352 मांग के आवेदन प्राप्त हुए। जनपद पंचायत पाटन में 2253 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 2244 मांग और 9 शिकायत, जनपद पंचायत धमधा में 580 आवेदन, जिसमें 567 मांग और 13 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए।



#### दूसरे दिन दोगुना से अधिक आवेदन

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिला कार्यालय में 14 मांग एवं 26 शिकायत, नगर पालिक निगम दुर्ग में 231 मांग एवं 63 शिकायत, नगर पालिक निगम भिलाई में 125 मांग एवं 62 शिकायत, नगर पालिक निगम रिसाली में 82 मांग एवं 22 शिकायत, नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में 82 मांग एवं शिकायत 22, नगर पालिक परिषद अहिवारा में 18 मांग एवं 05 शिकायत, नगर पालिक परिषद कुम्हारी में 67 एवं 04 शिकायत, नगर पालिक परिषद जामुल में 41 मांग एवं 01 शिकायत, नगर पंचायत धमधा में 73 मांग एवं 01 शिकायत, नगर पंचायत पाटन में 38 मांग एवं 04 शिकायत, नगर पंचायत उतई में 640 मांग एवं 7 शिकायत, नगर पंचायत अमलेश्वर में 27 मांग एवं 16 शिकायत के प्राप्त हुए। इसी प्रकार अनुविभागीय कार्यालय दुर्ग, धमधा, पाटन, भिलाई तीन में पांच मांग और पांच शिकायत हैं। तहसील कार्यालय दुर्ग में चार मांग पांच शिकायत, धमधा में दो मांग, पाटन में दो मांग एक शिकायत, बोरी में निरंक, भिलाई 3 में 5 मांग और तेरह शिकायत हैं। अहिवारा एक हैं। सबसे ज्यादा दुर्ग जनपद में 3775 मांग व शिकायत अठारह है। जनपद धमधा में 1208 मांग और शिकायत 51 हैं। पाटन में 7014 मांग और 72 शिकायत है।

### कांस्य मंडल बोर्ड गठन की विनोद ने रखी मांग



**दुर्ग।** छग शासन द्वारा समाजिक स्तर पर पुस्तैनी धंधा को मजबूत बनाने व विलुप्त होते व्यापार को आगे बढ़ाने आयोग, बोर्ड मंडल का गठित कर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जैसे माटी कला बोर्ड, केसकला बोर्ड, रजत मंडल, तेलघानी बोर्ड, मछवारा मंडल आदि का गठन कर इस व्यवसाय पर जुड़े समाज के व्यक्तियों को शसक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में दुर्ग जिला थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने कांसा कास्य मंडल बोर्ड आयोग का गठन करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कांसे पीतल के बर्तन बनाने वाले यह समाज अपनी जीविका के लिए यह कार्य गृह उद्योग, लघु उद्योग के रूप में अपने निवास, आंगन या एक कमरे में आज भी बर्तन थाली, लोटा, ग्लास, गुंडी, हंडा बनाने का कार्य कर रहे है। श्री ताम्रकार ने कहा कि वर्तमान में यह व्यवसाय विलुप्त के कगार पर आ रहा है। क्योंकि शासन स्तर पर इस गृह उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कोई ठोस पहल उठाने की मांग की है। पूर्व पार्षद विनोद ताम्रकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिख कर ताम्रकार समाज, कसेर समाज के उत्थान के लिए इस पुस्तैनी धंधा को बचाने के लिए कांस्य कला बोर्ड, कांसा या मंडल का गठन करने की मांग की है।

## प्रतियोगिता के माध्यम से किया जा रहा जल संरक्षण के लिए जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭| दुर्ग

दुर्ग जिले में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड घटक अंतर्गत जनभागीदारी को बढ़ाने के लिए दुर्ग विकासखंड ढ़ाबा नाला एवं पाटन विकासखंड के कुर्मीगुण्डरा नाला में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत भूमि संसाधन विभाग के तत्वाधान में जल व भूमि के संसाधनों के संरक्षण और सतत उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाटरशेड वेन के माध्यम से जलग्रहण क्षेत्रों का विकास, वर्षा जल संचयन, कृषि उत्पादकता में वृद्धि के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से वाटरशेड यात्रा जिले के दुर्ग विकासखंड के ग्राम गनियारी एवं पाटन विकासखंड के ग्राम कुम्हली पहुंचा। वेन में ग्रामवासियों के समक्ष एलईडी के माध्यम से जल संरक्षण पर आधारित चलचित्रों का ऑडियो एवं विडियो प्रदर्शन किया गया। स्कूली बच्चों व ग्रामवासियों ने रैली निकालकर जल है तो कल है, जल ही जीवन है आदि का नारा लगाते हुए तालाब की सफाई कर श्रमदान किया।

- निकाली जा रही वाटर शेड रैली




साथ ही वृक्षारोपण एवं नवीन स्वीकृत कार्यों का भूमिपूजन किया गया। पानी की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामवासियों को जल संरक्षण विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जल संरक्षण के संबंध में रंगोली एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन ग्राम गनियारी में कराया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम कु रितीका एवं रेश्मी, द्वितीय कु चेतना एवं वेदिका साहू, तृतीय कु कुसुमलता साहू ने स्थान प्राप्त किये। इसी प्रकार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम प्रेम साहू, द्वितीय नंद कुमार साहू एवं तृतीय केवल राम साहू ने स्थान प्राप्त किये। सभी विजयी प्रतिभागियों को जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, जनपद सदस्य श्रीमती मिलन्तीन ठाकुर, सरपंच श्रीमती संतोषी साहू, उप सरपंच कीर्तिन साहू एवं पूर्व सरपंच रोहित साहू द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। इसी प्रकार ग्राम कुम्हली में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय नृत्य द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को जल संरक्षण एवं जल महत्व की जल शपथ दिलाई गई।



## खबर संक्षेप

### तारा का नवोदय विद्यालय में चयन



उतई। दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह में कक्षा पांचवी अंग्रेजी माध्यम में अध्यनरत छात्रा तारा साहू का चयन सत्र 2025 -26 में कक्षा छठवीं में नवोदय विद्यालय में हुआ है। वे रिसाली निवासी विजेंद्र कुमार साहू की पुत्री है। नवोदय विद्यालय में उनके चयन होने पर दीपशिखा शिक्षण समिति के सचिव डीएल सिन्हा, प्राचार्य केआर सिन्हा, शांता सोनवानी, उप प्राचार्या अनीता अहीर, प्रधान पाठक एनके चंद्राकर, शरणजीत कौर, सहायक प्रधान पाठक एसआर सेन एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामना देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। नवोदय विद्यालय की तैयारी कराने में सहायक प्रधान पाठक एसआर सेन का विशेष योगदान रहा है।

### उतई में मनाया जा रहा सुशासन दिवस

उतई। छग शासन के योजना अनुसार नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत उतई के सभी 15 वार्डो में सुशासन दिवस का आयोजन 8 से 11 अप्रैल तक किया जाना है। जिसके तहत नगर पंचायत कार्यालय, कालिका मंच हथखोज पारा, गांधी चौक दुर्गा मंच सहित अनेक जगहों में नगर पंचायत के कर्मचारी नगरवासियों की समस्याओं का आवेदन लेने लगे हुए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र नायक ने बताया कि सुशासन दिवस तीन चरणों में होना है। जिसका पहला चरण की शुरुआत हो गई है, पहले चरण में लोगों द्वारा कुल 419 आवेदन दिए है। जिसका समाधान नियमानुसार किया जाएगा। इस दौरान उप अभियंता आशीष भारती, अंकालू राम साहू, सभापति लोक निर्माण विभाग सोनू राजपूत सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

न्यायालय राजस्व निरीक्षक मंडल
कोहका, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

**सीमांकन सूचना**

दिनांक:- 08/04/2025

आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि माननीय तहसीलदार महोदय दुर्ग के न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदक श्री धमेन्द्र सिंह पिता स्व. अजीत सिंह निवासी गुरुद्वारा रोड सुपेला भिलाई द्वारा आवेदित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम/मौजा कोहका प.ह.न. 45, रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1703/50 रकबा 7200 वर्ग फीट भूमि का सीमांकन दिनांक 24/ 04/ 2025 को सीमांकन किया जाना हैं। जिस किसी हितबद्ध पक्षकारो/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो समस्त दस्तावेजो के साथ सीमांकन पूरव मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा विधिवत सीमांकन कर दी जाएगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल
कोहका, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

**सूचना पत्र**

क्रमांक 5 रा.नि. 2025
कोहका दिनांक : 28/03/2025

प्रति, 1. आवेदक भूधर लाल चंद्राकर पिता स्व. महासिंग चन्द्राकर 2. राजन जिंदल, 3. प्रभावती दुबे, 4. गौरव जिंदल

विषय : सीमांकन/स्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत्।

ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1173/1 रकबा 0.040 हे. का सीमांकन/स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 841 दिनांक 20/01/2025 के परिपालन में दिनांक 25/04/2025 को समय 11 से 05 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

### बाल विकास विभाग द्वारा नारों के माध्यम से जागृति लाने का किया जा रहा प्रयास

# पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में लोगों को जागरुक करने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम अंडा में साइकिल रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों द्वारा पूरे गांव में साइकिल द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया साथ ही पोषण आहार खाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान सही पोषण देश रोशन, हर घर में खुशहाली हो पोषण वाली थाली हो आदि नारों के माध्यम से भी लोगों में जागृति लाने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर शासकीय उच्च माध्य शाला अंडा के प्राचार्य एस जामुलकर ने बताया कि पोषण अभियान के दौरान जो सलाह समय-समय पर बच्चों को दी जाती है। उस पर हमें भी अमल करना चाहिए ताकि हमारा स्वास्थ्य ठीक रह सके। आगे कहा कि महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर की बेहतरी के उद्देश्य से इस वर्ष भी राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य जन आंदोलन और जनभागीदारी से कुपोषण को मिटाना है। इसमें अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित और उनकी मॉनिटरिंग करना व दूसरा किचन गार्डन को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण करना है। सुपर वाइजर रेखा लोनारे ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चे के जन्म लेने से पहले व बाद में भी उनके स्वास्थ्य का देखभाल करने में जुट जाता है। गर्भवती माताएं व उनके बच्चें कुपोषित न हो इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन हितग्राहियों से घर-घर जाकर लगातार संपर्क करती हैं। स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने बच्चों को जागरूक करते हुए उनको खाने पीने और संतुलित आहार के बारे में प्रेरित किया। इस मौके पर प्राचार्य एस. जमुलकर, सुपरवाइजर रेखा लोनारे, आयुर्वैदिक अस्पताल लता साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शकून साहू, दीपिका चौहान और स्कूल की बच्चों ने भाग लिया।

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन कर कर रही जनसंपर्क**



### तर्रा में नारा लेखन के साथ हुआ सुपोषण पखवाड़ा



सेलूद। सेक्टर लोहरसी अंतर्गत ग्राम पंचायत तर्रा के सभी आंगनबाड़ी केंद्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ नारा लेखन व दीवार लेखन से किया गया। जिसमें सेक्टर पर्यवेक्षक रूपरानी साहू, आयुष डॉक्टर गीतांजलि, कार्यकर्ता अरची चंद्राकर अन्य सभी कार्यकर्ता के द्वारा उपस्थित महिलाओं, हितग्राहियों, और किशोरियों को कुपोषण के बारे में समझाकर सही पोषण और स्वास्थ्य की जानकारी दी गई। साइकिल रैली के माध्यम से लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने की कोशिश की गई।

### बटंग में पोषण पखवाड़ा की शुरुआत

सेलूद। महिला बाल विकास विभाग जामगांव एम के अंतर्गत स्थित ग्राम बटंग के आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार से पोषण पखवाड़ा की शुरुआत की गई। इस पखवाड़े की शुरुआत में बच्चों के द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को सुपोषण का संदेश दिया गया। आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता कविता वर्मा ने सुपोषण के संदर्भ में ग्रामीण और हितग्राहियों को जानकारी दी कि किस तरह से हरी सब्जी का उपयोग कर एवं खान-पान में ध्यान रखकर अपने आपको एवं अपने परिवार को सुपोषित रख सकते हैं। साथ ही साथ आंगनबाड़ी में आने वाले हितग्राहियों को भी सुपोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के शिक्षक कृष्ण कुमार शर्मा, बृजेश तिलकिया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कविता वर्मा, सहायिका माधुरी नायक सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।



### पंचायत प्रतिनिधि, एएनएम, मितानिन, हितग्राही समुदाय के लोगों की बैठक ली



अंडा। पूरे भारत में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जायेगा जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पोषण की महत्ता, 8 से 22 अप्रैल तक चलेगा। कुपोषण दूर करने के उपाय एवं सुपोषित समाज के निर्माण की जानकारी दी जायेगी। इसी परिपेक्ष्य में ग्राम पंचायत पीसेगांव में जो कि कुपोषण मुक्त के लिए भारत सरकार से चयनित है जिसमें पंचायत प्रतिनिधि, एएनएम, मितानिन, समूह के अध्यक्ष सचिव, हितग्राही समुदाय मे गणमान्य लोग की बैठक ली गई जिसमें पोषण पखवाड़ा के महत्व को बताया गया। सामुदाय आधारित स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम में उपस्थित गर्भवती, शिशुवती व पालकों को इसके बारे में जानकारी दी गई। नड्डा, कुरकुरे, चिप्स के बदले में पोषण खजानी के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें घर का बना हुआ पापड़, चिप्स, चना, मुर्रा, फल्ली गुड़, बच्चों को खिलाने की समझाईश दी गई और समक्ष विधि प्रदर्शन किया गया। अंत में सरपंच, पंच, मितानीन, समूह के पदाधिकारी, एएनएम, पालको के साथ पोषण रैली निकाली गई। कार्यक्रम में सरपंच द्रौपती देशमुख, पंच उमा यादव, पूजा डेहरे, सभी मितानिन, स्वास्थ्य विभाग से गिरिजा पटेल, आंनगबाड़ी कार्यकर्ता प्रभा देवांगन, लता देशमुख, राजेश्वरी सहायिका उमा देशमुख, अहिल्या देशमुख उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### केसरा में रामनवमीं पर निकाली शोभायात्रा



पाटन। केसरा में रामनवमी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, जनपद सदस्य दिनेश साहू शोभायात्रा में हुए शामिल। रामनवमी महापर्व के पावन अवसर पर जय श्रीराम युवा संगठन केसरा के तत्वाधान में भव्य शोभा यात्रा हनुमान मंदिर बाजार चौक से ग्राम भ्रमण किया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िपं, दिनेश साहू सदस्य जपं, डॉ. ईश्वर निषाद सरपंच, बसंत सिन्हा उपसरपंच, गजानंद सिन्हा पूर्व जपं, तेजराम सिन्हा ने सियारामचंद्र, हनुमान जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली की मंगलकामना कर किए। पूर्व जिपं उपाध्यक्ष साहू ने श्री सियारामचंद्र हम सबके आराध्य है। युवाओं का उत्साह रामनवमी महापर्व में प्रेम, भक्ति, समर्पण, सहिष्णुता को दर्शाता है। छत्तीसगढ़ में भांचा राम के प्रति आपार आस्था, विश्वास इस बात का परिचायक है। हम सब सनातनी, लेकिन भाजपा सनातन के नाम पर राजनीतिक रोटी सेंक रही है। इस अवसर पर मां कल्याणी धुमाल पार्टी में रामभक्त नाच गान के साथ पूरे ग्राम का भ्रमण किए। मौके पर मनहरण सिन्हा, हरिनाथ सिन्हा, टिकेंद्र सिन्हा, दीपक साहू, जागेश्वर सेन, टेमन सिन्हा, नंदलाल निषाद, जितेंद्र सिन्हा, नोमन्त सिन्हा, लक्की सिन्हा, सागर सिन्हा, शेखर सिन्हा, अशोक सिन्हा युवा संगठन के सदस्य एवं समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।

### पेट्रोल-डीजल व गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ने साधा निशाना



सेलूद। सोमवार को केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर 2 रुपए प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी बढ़ाने का फैसला लिया है तो वहीं गैस सिलेंडर के दामो में भी 50 रु की बढ़ोतरी की गई है। यह कदम वैश्विक तेल कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद उठाया गया है। बढ़े हुए पेट्रोल-डीजल व गैस सिलेंडर के कीमत से आम जनता पर असर पड़ेगा। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने इस फैसले पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें चार साल के सबसे निचले स्तर तक गिर चुकी है। ऐसे में मोदी सरकार को पेट्रोल और डीजल के दामों में कमी करनी चाहिए थी, लेकिन इसके बजाय सरकार ने खुद ही वसूली शुरू कर दी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का फायदा जनता को नहीं दिया, बल्कि खुद ही 2 रुपए प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी। इतना ही नही गैस सिलेंडर के दामो पर भी 50 रु. की बढ़ोतरी की गई है। श्री ठाकुर ने कहा कि लगातार बढ़ते महंगाई से जनता का मन टूटते जा रहा है लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार अपने सत्ता के नशे में चूर हो कर जनता को महंगाई की आग में झोंक रहा है। एक तरफ चुनावी वर्षो में भाजपा 500 रु. में सिलेंडर देने की बात करते रहे हैं लेकिन चुनाव के बाद भाजपा सरकार चुनावी वादों को दरकिनार कर दाम बढ़ाने में लगा हुआ है।

### भाजपा धमधा मंडल का हुआ सक्रिय सदस्य सम्मेलन



धमधा। भारतीय जनता पार्टी धमधा मंडल द्वारा आयोजित सक्रिय सदस्य सम्मेलन मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट के निर्देशन में धमधा नगर में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता रमन लाल यादव पार्षद वार्ड क्रमांक 6, नवीन जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष व दीपक चौहान उपाध्यक्ष भाजपा धमधा ने भाजपा के इतिहास को बताया। वहीं रमन लाल यादव ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है और हमें गर्व है कि हम इस पार्टी का हिस्सा है। यही संकल्प लेकर हम सभी को भाजपा के विचारों और आदर्शों की गाथा जन-जन तक पहुंचानी चाहिए जिससे भाजपा से आमजनों, युवाओं को जोड़ा जा सके। इस अवसर पर आरूणी दानी कार्यक्रम के प्रभारी रहे। कार्यक्रम में मभाजपा कार्यकारणी सदस्य तारा देवी ताम्रकार, पूर्व मंत्री भाजपा मंडल बहल वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष आदर्श शर्मा, डीशन सिंहा, योगेश बंजारे, गिरधारी साहू, रामसिंह साहू, हर्ष साहू, संतोष निर्मलकर, हर्ष ढीमर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दुर्ग में बच्ची के साथ अमानवीय कृत्य के विरोध में सेवा संकल्प समिति ने आरोपी का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी



■ पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा ज्ञापन

पिछले दिनों जहां पूरा देश नवमी तिथि में कन्या भोज करवा रहा था, बच्चियों का पूजन कर रहा था वहीं मोहन नगर थाना दुर्ग में एक 6 साल की बच्ची के साथ जो घर से कन्या भोज करने निकली थी अज्ञात दरिंदो ने दिल दहला देने वाले कृत्य को अंजाम दिया। आरोपी ने सारी हदें पार करते हुए दुष्कर्म कर बच्ची की निर्मम हत्या कर दी। इस घटना ने प्रदेश ही नही बल्कि पूरे देश को हिला कर रख दिया है। इस अमानवीय कृत्य के विरोध में सेवा संकल्प समिति कुम्हारी ने बुधवार को स्टेशन चौक ओवरब्रिज के नीचे उस दरिंदे आरोपी के पुतले को बीच चौराहे में रस्सी बांधकर फांसी पर लटकाया उसके पश्चात उसका पुतला फूंका। सभी ने मोमबत्ती जलाकर बच्ची को दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया। समिति ने दुर्ग पुलिस अधीक्षक के नाम कुम्हारी थाना प्रभारी की अनुपस्थिति में प्रभारी डी एल साहू को ज्ञापन सौंपा। समिति के शीर्ष प्रणव श्रीवास्तव ने कहा ऐसे दुराचारी को बीच चौराहे पर अंग भंग करके पूरे समाज के बीच जीवित फांसी पर लटका देना चाहिए। सभी ने एक स्वर में आरोपी को मौत की सजा की मांग की ताकि दुबारा कोई ऐसी हिम्मत न कर पाए। समिति ने आरोपी को फांसी की सजा देने तथा बच्ची को न्याय दिलाने की मांग की। उपस्थित लोगों में सुजीत यादव, प्रकाश जैन, दीपक बैस, विक्की सोनी, गोविंद बघेल, मिथिलेश यादव सांसद प्रतिनिधि, विकास सोनकर, हरिदास वैष्णव, अनुराग गुप्ता, आशीष शुक्ला, सौरभ पाण्डेय, संदीप चंद्राकर, प्रवीण राव, कुणाल शर्मा, महेंद्र वर्मा, गोविंद यादव, मनहरन साहू, रूपेश साहू, मोहित पटेल, मुकेश साहू, गजेंद्र साहू, होमेंद्र साहू, राजा वर्मा, संजय विश्वकर्मा, राजेश सिन्हा, राधेलाल सिन्हा, मनीलाल साहू, अमित नंदेश्वर आदि शामिल हुए।

### बच्चों को बताया, हाथ धुलाई का महत्व



सेलूद। ग्राम बटंग में पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे है। आज पोषण पखवाड़ा के तहत ग्रामीणों को साफ सफाई और स्वच्छता की जानकारी दी है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कविता वर्मा ने ग्रामीणों को बताया कि शरीर को निरोगी रखने के लिए सफाई का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने सभी से अपील किया कि अपने घर के साथ साथ अपने घर बाहर भी साफ सफाई का ध्यान रखें।

गांव के स्वच्छता के लिए सभी ने संकल्प लिया। इस अवसर पर बच्चों को हाथ दिलाई का महत्व बताते हुए छह चरण में किस तरह से सही तरीके साथ हाथों को साफ रखे इसकी जानकारी हाथ धुलवाकर दिया गया। इस अवसर पर सरपंच ग़ैंदू वर्मा सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।


## बिजनेस साइट

### संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स में जॉब फेयर का आयोजन

भिलाई। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र एवं यंग इंडियन्स के सहयोग से 11 अप्रैल को एसआरजीआई कोहका कुरुद रोड परिसर भिलाई में जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब फेयर में 25 प्लस प्रतिष्ठित उद्योग/एमएनसी कंपनी जॉब के अवसर प्रदान करेंगे। बहुप्रतिष्ठित कम्पनिया जैसे की हाइक एजुकेशन, जस्ट डायल, पेटीएम, टाटा मोटर्स, बजाज मोटर्स, सिग्मा, डूल्स, सिम्प्लेक्स, एसकेएच वाईटेक, योकोहामा, महावीर ग्रुप आदि कम्पनिया 2300 प्लस जॉब ऑफर करेंगी। 7 लाख तक का हाईएस्ट पैकेज स्टूडेंट्स को इस जॉब फेयर में प्राप्त हो सकता है। इस जॉब फेयर में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कॉमर्स, पॉलिटेक्निक (डिप्लोमा), साइंस, आर्ट्स, और आईटीआई के 2022, 2023, 2024 के पास आउट एवं 2025 में पड़ रहे स्टूडेंट्स रजिस्टर कर सकते हैं। स्टूडेंट्स को सुबह 9.30 बजे तक कॉलेज कैंपस में पहुँच जाना है। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स के चेयरमैन संजय रूंगटा ने कहा कि हम हमेशा से ही स्टूडेंट्स को जॉब दिलाने में एक अग्रणी संस्था रहे हैं और पहले भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र के सहयोग से इस प्रकार के जॉब फेयर के आयोजन रूंगटा ग्रुप कर चुका है।

FOR EMPLOYERS AND EMPLOYMENT SEEKERS · NATIONAL EMPLOYMENT SERVICE
Yi Young Indians WE CAN WE WILL DURG
rungta Let the minds bloom

**WORLD HOMOEOPATHIC DAY**



डॉ. सैमुएल हैनिमैन, होम्योपैथी के संस्थापक थे, जिन्होंने विज्ञान और होम्योपैथी की कला के मौलिक सिद्धांतों की स्थापना की।
उन्हें प्रायोगिक औषधि विज्ञान का जनक कहा जाता है, क्योंकि वह एक विशेष तरह से दवाएं तैयार करने वाले पहले चिकित्सक थे।
डॉ. सैमुएल हैनिमैन

डॉ. चौधरीस् होमियोपैथी
कॉस्मेटोलॉजी | ट्रायकोलॉजी | वैट लॉस सेंटर
की ओर से डॉ. सैमुएल हैनिमैन जी की 270 वीं जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
होमियोपैथी द्वारा बिना ऑपरेशन के पथरी, ट्यूमर, गांठ, सिस्ट आदि जटिल बिमारियों का सफल ईलाज
Best laser and hair treatments center
डॉ. के.जी चौधरी | डॉ. प्रदीप चौधरी
डॉ. संध्या चौधरी | डॉ. आरती चौधरी
Expert in treating all kinds of Acute and chronic diseases especially skin diseases
For Appointment Contact :-

मास्टर सैमुएल हैनीमैन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
केयर होम्योपैथिक क्लीनिक
डॉ ऋषि चंद्राकर
Reg. No.-663 B.H.M.S. PGNHAI NAGPUR
समय : 9.30 से 1.00 (सुबह) 5.30 से 8.30 (शाम)
शॉप-2, सोमानी कॉम्पलेक्स, नियर पंचशील ऐकेडमी, आदर्श नगर, कसारीडीह रोड, दुर्ग (छ.ग.)
मो.: 98271-75661, 83497-64411

होम्योपैथिक एलर्जिक क्लिनिक
डॉ. संजय मनवानी
BHMS, PGNAHI, GOLD MEDALIST
Since-2001
विशेष- एलर्जिक अस्थमा, एलर्जिक राईनाइटिस, डस्ट एलर्जी, बार-बार छींके आना, बच्चो का बार-बार बुखार आना, एलर्जिक अर्थकेरिया, खुजली का जड़ से होम्योपैथिक इलाज
प्रदिप्ति नगर, बोरसी, समय- सुबह 9.30 से 11.00
स्टेशन रोड, सिंधी कालोनी, PNB के पीछे, दुर्ग सुबह 11.00 से शाम 8.00
0788-4011329, 98271-56836
हर शनिवार रायपुर में 215, GRAND MARIDIAN, OLD SAMRAT TALKIES FAFADIH CHOWK, STATION ROAD, RAIPUR
खैरागढ़ हर प्रथम और तृतीय रविवार
नये मरीज APPOINTMENT पर ही देखे जाते है।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# झरने में खूब नहाएंगे जंगल के राजा और परिंदों को मिलेगा फौव्वारे का मजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर में गर्मी बढ़ने के साथ ही मैत्रीबाग चिड़ियाघर में बेजुबां वन्य प्राणियों को तपिश से बचाने के इंतजाम शुरु कर दिए गए हैं। प्रबंधन द्वारा जानवरों और पक्षियों को ठंडकता प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रबंध किए जा रहे हैं। तापमान बढ़ने के साथ ही जानवरों की सेहत न बिगड़े, इसका भी चिकित्सकों द्वारा ध्यान रखा जा रहा है। जंगल के राजा टाइगर को फौव्वारे की शीतल फुहारों और चींचीं करने वाले परिंदे को भी दिनभर पानी के छींटों से राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि गर्मी में तापमान निरंतर बढ़ रहा है। अगले महीने नवतपा लगने पर भीषण गर्मी पड़ेगी। गर्मी बढ़ते ही मैत्रीबाग के वन्य प्राणी दोपहर में बैचैनी महसूस करने लगे है। इस देखते हुए हर साल की तरह इस बार भी जानवरों को परिंदों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए प्रबंधन द्वारा व्यापक इंतजाम शुरु किए जा रहे हैं। बड़्र्स कांप्लेक्स और जानवरों के एनक्लोजर में छाया और ठंडकता के प्रबंध किए जा रहे हैं। जंगल के राजा टाइगर और लायन के एनक्लोजर में शीतलता के लिए झरना का इंतजाम किया जा रहा है। दुर्लभ और संवेदनशील माने जाने वाले सफेद बाघों को भीषण गर्मी से बचाने उनके बाड़े में रेत डालकर शेड से पानी गिराया जाएगा। यहां सात सफेद बाघ हैं। इसी तरह लेपर्ड और स्पांडेट डियर के एनक्लोजर में फौव्वारा लगाकर ठंडकता प्रदान की जाएगी। हिरणों के बाड़े में भी शेड लगाया जा रहा है। चिड़ियाघर में करीब डेढ़ सौ हिरण हैं। पेलिकान बर्ड के पोखर में भी पानी लबालब भरा रहे, इसका ध्यान रखा जा रहा है। चिड़ियाघर में दो प्रजाति को 17 पेलिकान बर्ड हैं, जो सदैव पानी में तैरते रहते हैं।

## मैत्रीबाग चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाने किए जा रहे व्यापक प्रबंध





### बड़्र्स कांप्लेक्स में लगेगा स्प्रिंगलर

मैत्रीबाग के जानवरों की तरह पक्षियों को भी गर्मी से राहत दिलाने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। बड़्र्स कांप्लेक्स में विभिन्न प्रजाति के सौ से अधिक परिंदे और परिंदे और बंदर आदि हैं। यहां सभी के कैज में ग्रीन नेट चटाई लगाई जा रही है। इससे आगे भीषण गर्मी में उन्हें गर्म हवा से बचाया जाकेगा। इसके साथ ही बड़्र्स काम्पलेक्स परिसर में ठंडकता प्रदान के करने के लिए स्प्रिंगलर लगाया जा रहा है। इससे चारों ओर पानी के छींटे परिंदों के कैज में पड़ते रहेंगे। गर्मी बढ़ने पर वन्य प्राणियों की सेहत का भी ध्यान रखा जा रहा है। मैत्रीबाग के प्रभारी डां. एनके जैन ने बताया कि वन्य प्राणियों को डीहाइड्रेशन से बचाने के लिए सुपाच्य खाना दिया जाता है। बंदरों को तरबूज, खरबूज और खीरा और भालू को शहद और खिचड़ी दी जाती है।

## खबर संक्षेप

### जीतेश्वरी को मिली पीएचडी उपाधि

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा रायपुर की जीतेश्वरी को उनके शोध प्रबंध 'इक्कीसवीं शताब्दी की चुनौतियां



और हिंदी कहानी की बदलती हुई संरचना एवं संवेदना का अनुशीलन ( किरण सिंह, तरुण भटनागर, उमा शंकर चौधरी, ज्योति चावला और दिव्य विजय की कहानियों के संदर्भ में )' विषय पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना यह शोध प्रबंध डॉ. कैलाश शर्मा के निर्देशन और डॉ.अभिनेष सुराना के सह निर्देशन में शोध केंद्र हिंदी विभाग, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के माध्यम से प्रस्तुत किया था। जीतेश्वरी संपूर्ण हिंदी क्षेत्र में युवा समीक्षक हैं। वे छत्तीसगढ़ संवाद में कॉपी राइटर के पद पर कार्यरत हैं।

### घरेलू गैस के रेट में वृद्धि वापस लें: भाकपा माले

**भिलाई।** भाकपा माले लिबरेशन छत्तीसगढ़ राज्य कमेटी ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल- डीजल के दामों में एक्साइज ड्यूटी बढ़ाने तथा घरेलू गैस के दामों में की गई 50 रूपए की बढ़ोतरी का विरोध करते हुए वापस लेने की मांग की है। भाकपा माले ने जारी बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार मे क्रूड ऑयल के दामों में हो रही लगातार गिरावट के बावजूद यह मूल्य वृद्धि की गई है। सरकार द्वारा कारपोरेट कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए यह मूल्य वृद्धि की गई है।

### जेएलएन अस्पताल में उन्नत नवजात पुनर्जीवन कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय, सेक्टर-9 जेएलएन अस्पताल में उन्नत नवजात पुनर्जीवन विशिष्ट चिकित्सा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक डॉ. रवींद्रनाथ एम और विशिष्ट अतिथियों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर एवं डॉ. सौरव मुखर्जी थे। प्रशिक्षण सत्र का मार्गदर्शन डॉ. पवन जैन, डॉ. आकाश लालवानी, डॉ. निलय मोजार्कर, डॉ. ज्ञानेश मिश्रा और डॉ. माला चौधरी आदि राष्ट्रीय प्रशिक्षकों की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को अत्याधुनिक नैदानिक कौशल प्रदान किए गए। डॉ. रवींद्रनाथ ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम जटिल नवजात स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रबंधन में चिकित्सकों को दक्ष बनाते हैं और यह पहल न केवल बीएसपी अस्पताल के नवजात देखभाल मानकों को सुदृढ़ करती है।

## चार साल बाद भी अधूरा है वेतन समझौता, नहीं मिला 39 माह का एरियर्स

# गुस्साई यूनियनों ने भिलाई इस्पात संयंत्र के बोरिया गेट पर किया प्रर्दशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हजारों सेल कर्मियों के चार साल से अपूर्ण वेतन समझौता सहित कई मांगों के अब तक पूर्ण नहीं होने से बीएसपी कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। गुस्साए संयुक्त यूनियनद्वारा बुधवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के बोरिया गेट के सामने बड़ा प्रदर्शन किया

- सेल चेयरमेन के नाम सौंपा ज्ञापन

गया । सेल चेयरमेन के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द सभी मुद्दों के निदान की मांग की गई। ऐसा नहीं होने पर कड़े कदम उठान की चेतावनी दी गई।

सेल कर्मचारियों का 39 महीने का एरियर्स सहित वेज रिवीजन आदि मुद्दों को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन के बैनर तले बोरिया गेट पर सुबह 8 से 9 बजे तक यूनियनों के लोग जुटे। झंडे फहराते हुए मांगों को लेकर सेल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया गया। घंटेभर तक नारेबाजी और प्रदर्शन के बाद संयुक्त यूनियन के तहत बीएमएस ,इंटक, एटक, सीटू, एचएमएस, एक्टू, लोईमू और स्टील वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने भिलाई इस्पात संयंत्र के आईआर विभाग के सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित को सेल चेयरमेन के नाम बीएसपी सेल चेयरमेन के नाम ज्ञापन देने पहुंचे। ज्ञापन में जल्द एनजेसीएस की बैठक कर 39 महीने का एरियर सहित वेज रिवीजन के अन्य मुद्दों का जल्द समाधान करने की मांग की ।

### संयुक्त यूनियन के बैनर तले जुटे लोगों ने की नारेबाजी, सभी मांगें जल्द पूर्ण करने की मांग





### जल्द एनजेसीएस बैठक बुलाने पर जोर

संयुक्त यूनियन के संयोजक वंश बहादुर सिंह ने कहा कि चार साल बाद भी सेल कर्मचारियों का वेतन समझौता पूर्ण नहीं किया गया है। सेल प्रबंधन को कर्मचारियों के हितों की परवाह नहीं है। 39 महीने के एरियर्स भुगतान सहित अन्य मांगों पर ध्यान नहीं दिए जाने से कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। सीटू के जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने हजारों कर्मचारियों की मांगों पर चर्चा करने जल्द फुल एनजेसीएस बैठक बुलाने पर जोर दिया। एचएमएस, लोइमू, एक्टू और स्टील वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधियों ने मांगों के लिए सेल प्रबंधन पर पुरजोर दबाव बनाने कहा।

### यह हैं कर्मियों की लंबित मांगें

सेल कर्मचारियों का 39 महीने का लंबित एरियर्स जल्द भुगतान, एचआरए एवं एच ए पर्कस सहित वेज रिवीजन के मुद्दों का समाधान किया जाए, इंसेंटिव स्कीम का रिवीजन करने, फेस्टिवल एडवांस की राशि में बढ़ोतरी कर 50 हजार रुपए देने, भिलाई में 650 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर के लिए लाइसेंस स्कीम शुरू करने, ठेका श्रमिकों का वेज रिवीजन करने, 39 महीने के एरियर्स का भुगतान और चर्चा के लिए एनजेसीएस बैठक जल्द बुलाने की मांगें प्रमुख हैं।

# मृत्यु प्रमाण पत्र हासिल करने छूट रहा कर्मियों का पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जन्म मृत्यु रजिस्ट्रेशन के प्रमाण पत्र हासिल करने में लेटलतीफी को लेकर सीटू यूनियन की टीम सोमवार को सेक्टर 8 रजिस्ट्रेशन आफिस पहुंची।। कर्मियों ने शिकायत की थी कि 40- 40 दिनों तक प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है ।इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । यूनियन ने प्रबंधन से समस्या के निदान की मांग की है। सीटू के मुताबिक जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने वाले इस विभाग की पूरी व्यवस्था चरमरा गई है जवाब देही के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए किए जाने वाले आवेदन फार्म तक उपलब्ध नहीं है । जो भी फॉर्म मांगने आता है उन्हें अपने से फॉर्म की फोटो खींच कर कॉपी करवाने की सलाह देने को मजबूर हैं। जब बीएसपी का प्रिंटिंग प्रेस बंद होने के बाद से ही विभाग में अव्यवस्था है। कार्यालय में रजिस्ट्रेशन के लिए 700 केस पेंडिंग है । पूर्व में 7 से 10 दिन में प्रमाणपत्र मिल जाता था। विभाग में मात्र तीन कर्मचारी ही बचे हैं।

- सीटू यूनियन ने प्रबंधनस की समस्या निदान की मांग

### जंजाल बन गया है इंटरनेट और इंट्रानेट

यूनियन के मुताबिक जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने वाले दफ्तर का इंटरनेट व्यवस्था भी ठीक नहीं है कभी नेट मिलता है कभी नहीं मिलता है 15-15 दिन सर्वर डाउन रहता है नेटवर्क काम नहीं करता है। एक दिन में 50 आवेदन आते हैं और मुश्किल से 2-3 प्रमाण पत्र जारी हो पाते हैं ।

### पोषण पखवाड़ा शुरू, रैली से किया जागरुक



**भिलाई।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा। पखवाड़े का शुभारंभ जागरुकता साइकिल रैली निकालकर किया गया। मरोदा के सभी वार्ड, जोरातराई, नेवई, स्टेशन मरोदा, टंकी मरोदा से निकली और श्रमिक बस्तियों को लोगों को सही पोपण, कूपोषण मुक्ति के लिए बच्चों की देखभाल, स्वास्थय शिक्षा के बारे मे जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन परियोजना अधिकारी पद्मजा सिन्हा के मार्गदर्शन मे पर्यवेक्षक शिल्पा श्रीवास्तव, पूनम साहू राजेश्वरी जांगड़े, सीमा पथिक, रेखा चेलक, गीता देशलहरे, मधुलता बारले आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मासूम को न्याय दिलाने कैंडल मार्च निकाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मासूम बच्ची के साथ हुए अनाचार कर हत्या की घटना मानवता को शर्मसार कर दिया है। प्रदेश में लगातार ऐसी जघन्य घटनाएं हो रही हैं। सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। इस दौरान राष्ट्रीय हुसैनी सेना ने श्रद्धांजलि दिया। राष्ट्रीय हुसैनी सेना के बैनर तले सैकड़ों युवाओं के साथ दुर्ग जिला अध्यक्ष सोहेल राईन के नेतृत्व में सुपेला घड़ी चौक में कैंडल मार्च निकाला। इस तरह के अपराध का विरोध जताया है। सोहेल राईन ने कहा कि प्रदेश में इस तरह की घटना हो रही है। इसे रोकने के लिए कड़ा कानून बनाना होगा। प्रदेश से नशा को तुरंत बंद करने की मांग पुलिस प्रशासन से किया है। कार्यक्रम में हुसैनी सेना दुर्ग जिला अध्यक्ष सोहेल राईन, गुफरान, अफताब, यासीन, रमजान, परवेज सलमानी, गोल्डी भाई, अज्जु अहमद चौहान,सुहेल अहमद,मो. गौस,शहीद अहमद, जिम्मी भाई, लल्लू भाई, हैदर अली, सोहेल खान, अरमान, अजमत हुसैन, सदाकत राईन, अफसर, इमरान खान, शैलेन्द्र शेख, फैजान खान मौजूद थे।

# संयंत्र के निष्पादन में भी सहायक है राजभाषा हिन्दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा विभाग द्वारा चन्द्रपुर फेरो एलाए प्लांट, चन्द्रपुर में संयंत्र स्तरीय राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक राजेश धर्मराज गायकवाड़ और विशिष्ट अतिथिमहाप्रबंधक प्रशांत उराडे उपस्थित थे। कार्यशाला में बीएसपी की भी भागीदारी रही।

कार्यपालक निदेशक (चन्द्रपुर फेरो एलय प्लांट) संजय कुमार गजभिये के निर्देशानुसार उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन–चन्द्रपुर फेरो एलय प्लांट) श्री उमेश मधुकर उके, एवं सहायक महाप्रबंधक (कार्यपालक निदेशक सचिवालय–चन्द्रपुर फेरो एलय प्लांट) श्री अजय कुमार के संयोजन में आयोजित इस कार्यशाला में संयंत्र के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने उदबोधन में श्री राजेश धर्मराज गायकवाड़ ने कहा कि हिंदी समूचे भारत में व्याप्त भाषा है। भारत का प्रत्येक व्यक्ति चाहे वो उसकी मातृभाषा हिंदी हो अथवा कोई अन्य भाषा, किंतु वह हिंदी समझता ही है। हमारे देश भारत की पहचान है हिंदी, समूचे भारत में हिंदी के माध्यम से हम कहीं भी कार्यव्यवहार कर सकते हैं। श्री गायकवाड़ ने कहा हिंदी हम सबके लिए आवश्यक है और हिंदी का प्रचार–प्रसार करना हमारे संयंत्र के निष्पादन में भी सहायक है, इसी उद्देश्य से हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया है। बीएसपी के उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने आनलाइन नोटशीट प्रणाली सैप में हिंदी भाषा में नोटशीट बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रथम – जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट आनंद पांडे, , द्वितीय महाप्रबंधक प्रशांत उराडे, तृतीय तकनीकी सहायक गौतम साहू रहे।



- संयंत्र स्तरीय राजभाषा कार्यशाला

# इंसेंटिव में हो संशोधन आयकर में मिले छूट

**भिलाई।** सौ महीने बीतने के बाद भी सेल कर्मचारियों का वेतन सममझौता अधूरा है । इसके चलत कर्मियों का 39 महीने का एरियर्स और भत्ते का भुगतान नहीं हुआ है। इसके लिए बीएकेएस यूनियन द्वारा एनजेसीएस सदस्यों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। सेल कर्मियों के वेतन समझौता पर 21 अक्टूबर 2021 को एमओयू पर तीन एनजेसीएस यूनियनों ने हस्ताक्षर किए गए थे। बीएकेएस के कोषाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि दूसरे महारत्ना कंपनियों तथा सेल अधिकारियों के मुकाबले 2 प्रतिशत कम एमजीबी तथा 8.5% कम पर्क्स प्रतिशत पर समझौता किया गया । तीन साल 6 माह बीत जाने के बाद भी न तो 39 माह के एरियर पर समझौता किया गया तथा न ही पर्क्स के एरियर पर भी कोई बात की गई । जबकि सेल अधिकिरियों को एक अप्रैल 2020 से पर्क्स को प्रभावी कर उसका 19 माह का एरियर्स कर दिया गया ।पिछले 15 माह से फुल एनजेसीएस बैठक भी नहीं बुलाई गई है। मनमानी के खिलाफ बोकारो की एक यूनियन ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बीएकेएस के सिंह ने बताया कि मुकदमे की अगली सुनवाई 21 जुलाई है। हमारी यूनियन कैटे में प्रबंधन के प्रस्तुत जवाब का रिप्लाई देगी। विदिते हो कि सेल कर्मियों की लंबित मांगों के तहत दूसरी कंपनियों के तर्ज पर 15% एमजीबी तथा 35% पर्क्स के लिए एमओए समझौता, 39 माह का एरियर तथा 58 माह का पर्क्स एरियर, इंसेंटीव रिवार्ड में संशोधन व. हाउस पर्क्युजीट में अधिकिरियों के तर्ज पर 50% आयकर छूट आदि लंबित हैं।

- बीएकेएस ने एनजेसीएस यूनियनों को जिम्मेदार बताया

# 40 लाख से चकाचक होगी जवाहर नगर सड़क, गड्ढे और कीचड़ से मिलेगी मुक्ति

**भिलाई।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव पर 15वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी अंतर्गत जवाहर नगर की सड़क डामरीकरण के लिए 40 लाख की स्वीकृति मिली है। वार्ड-25 जवाहर नगर स्थित केएच मेमोरियल स्कूल के आसपास क्षेत्र की जर्जर सड़कों को दुरुस्त करने स्थानीय नागरिकों की मांग पर विधायक रिकेश सेन ने तत्काल 40 लाख रुपये का प्रस्ताव दिया था। सेन ने बताया कि 15वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी के वायु गुणवत्ता सुधार मद अंतर्गत सड़क डामरीकरण के लिए स्वीकृति मिली है। वार्ड जवाहर नगर क्षेत्र अंतर्गत केएच मेगोरियल स्कूल के आसपास जर्जर सड़कों की वजह से बरसात में जहां कीचड़ होता था। वहीं गर्मी में धूल के गुबार से स्कूल तक पहुंचने वाले बच्चों और पालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। यह मामला जब मेरे संज्ञान में आया तो तत्काल निगम कमिश्नर से चर्चा कर सड़क डामरीकरण का प्रस्ताव भेजा गया था। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने 15वें वित्त मिलियन प्लस सिटी के अंतर्गत 40 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। अब बहुत जल्द जवाहर नगर की सड़कों को दुरुस्त कर डामरीकरण होगा।





Ajay Advt.

### कलाकारों ने लोककलाकार सफीन दास को दी श्रद्धांजलि

**भिलाई।** शहर के कलाकारों ने वरिष्ठ लोक कलाकार सफीन दास मानिकपुरी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। जामुल निवासी प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई के संगतकार और आकशवाणी के ए ग्रेड कलाकार सफीन दास का मंगलवार को निधन हो गया था। कलाकार बिरादरी ने उनके निधन को अपूरर्णीय क्षति बताया है। स्व सफीन दास एक वरिष्ठ बांसुरी व हारमोनियम वादक थे। वे एक अच्छे छत्तीसगढ़ी गीतकार और लोक गायक भी थे। उनके गीतों को प्रसिद्ध लोक गायिका ममता चंद्राकर, अनुपमा और लोक गायक मिथलेश साहू कुलेश्वर ताम्रकार,उन्होंने छत्तीसगढ़ी फिल्मों के डायरेक्टर संतोष जैन की टेली फिल्म किरिया में अभिनय भी किया था। लोक कलाकार सफीनदास के निधन पर पंडवानी गायिका तीजन बाई के परिजनों सहित पंडवानी गायिका उषा बाई बारले, लोक कलाकार मनहरण सार्वा और नवलदास मानिकपुरी आदि ने श्रद्धांजलि दी है।



## ऊपरी माले के रहवासियों को हो रही परेशानी

# गर्मी दिखाने लगी तेवर, टाउनशिप में पेयजल किल्लत शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गर्मी अब धीरे धीरे अपना तेवर दिखाने लगी है। इसके साथ ही टाउनशिप में इस साल फिर पानी की किल्लत बढ़ने के आसार हैं। इसे देखते हुए क्वार्टरों में दोनों टाइम जलापूर्ति किए जाने की मांग की जा रही है। टाउनशिप में पिछले दस साल से बीएसपी द्वारा एक ही जून पानी की दिया जा रहा है। सिर्फ एक जून जलापूर्ति की जा रही है। इससे गर्मी के मौसम में हजारों रहवासियों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ता है। मौसम विभाग द्वारा इस साल अधिक गर्मी पड़ने की भविष्यवाणी की गई है। गर्मी बढ़ने के साथ ही रहवासियों को आगे पानी की समस्या बढ़ने की चिंता सताने लगी है।



सेक्टर 6, 8 और सेक्टर 7 में ऊपरी माले के कई आवासों के नलों में पानी की धार पतली आ रही है। रविवार को सुबह पंद्रह पंद्रह मिनट पूर्व नल बंद हो जाने से लोगों को वाटर एटीएम आदि वैकल्पिक स्त्रोतों से पानी जुगाड़ना पड़ा। टाउनशिप में करीब पैंतीस हजार आवास हैं, जिनमें करीब दस हजार संयंत्र कर्मी तिमंजिला ब्लाकों में निवास करते हैं। गर्मी बढ़ने पर सबसे ज्यादा पेयजल समस्या दूसरे और दूसरे फ्लोर पर रहने वाले रहवासियों को ही होती है। ऊपरी माले के आवासों में पानी का वेग काफी कम होता है। लोगों को नीचे के क्वार्टरों के रहवासियों से पानी मांग कर गुजारा करना पड़ता है। बोरिंग, वाटर एटीएम आदि से भी लाइन में खड़े होकर पानी ढुलाई करते हैं।

### मिले दोनों टाइम पानी

टाउनशिप में गर्मी बढ़ने के साथ ही पेयजल की समस्या भी बढ़ेगी। लोगों के परेशानी को देखते हुए बीएसपी को फिर से दोनों टाइम जलापूर्ति किए जाने की जरुरत है। पहले भी यूनियनों द्वारा मांग की गई थी। टाउनशिप में मच्छरों की बढ़ी समस्या को देखते हुए फागिंग भी की जानी चाहिए।

**विनोद कुमार सोनी,** महासचिव, एटक

### चुनाव में ही मिलता है दोनों जून पानी

टाउनशिप में सिर्फ चुनाव के समय बीएसपी क्वार्टरों में दोनों टाइम जलापूर्ति करती है। पांच साल पूर्व हुए आम चुनाव और एक साल पहले हुए विधानसभा चुनाव के पूर्व एकाएक दोनों टाइम जलापूर्ति शुरु कर दी गई थी। लेकिन मतदान के दूसरे दिन फिर से एक जून पानी दिया जाने लगा। इससे लोगों की परेशानी फिर बढ़ गई। रहवासियों ने बताया कि बीएसपी को चुनावी मौसम में ही नहीं बल्कि रहवासी बीएसम कर्मियों व परिवार की दिक्कतों को देखते हुए फिर से घरों में दोनों जून पानी दिए जाने की जरुरत है। गर्मी बढ़ने के साथ एक टाइम पानी में गुजारा मुश्किल होजा जाएगा।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



गर्मियों का ट्रेंड

## लाइव इवेंट

### भोग-भंडारा के बाद शहर के प्रतिष्ठितजनों का सम्मान, जसगीत का भी आयोजन



**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति के तत्वावधान में परमेश्वरी भवन में श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा का आयोजन किया गया। अंतिम दिन वेदी पूजन, हवन के बाद भोग भंडारा हुआ। भोग भंडारा में लगभग 700 लोगों ने भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर परमेश्वरी मंदिर में आयोजित सम्मान समारोह में विशिष्ट योगदान देने वाले पत्रकारों, कार्यकर्ताओं, सहयोगियों, पंडितों एवं आचार्य का सम्मान किया गया। परमेश्वरी मंदिर में इस नवरात्रि में 154 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए थे। समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बताया कि इस नवरात्रि एवं श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा के दौरान अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां हुई है। इस बार परमेश्वरी मंदिर में सर्वाधिक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हुए। आयोजन से प्रभावित होकर एक सज्जन नोहर सिंह देवांगन ने अपनी दिवंगत पत्नी एवं पुत्र की स्मृति में मंदिर में एक नया ज्योति कक्ष बना कर देने की घोषणा की। उन्होंने आगामी क्वांर नवरात्रि में परमेश्वरी मंदिर में ही श्रीमद् भागवत पुराण कथा कराने का संकल्प भी लिया।

#### मंदिर में जसगायन के साथ महा आरती के साथ समापन

परमेश्वरी मंदिर में विशेष जस गीत के गायन एवं आरती के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ। इस अवसर पर सचिव विनोद देवांगन, गजेंद्र देवांगन, रेशमलाल देवांगन, टेसू राम देवांगन, दिनेश देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, दयाराम देवांगन, जीतेन्द्र बांकुरे, गोवर्धन देवांगन, जनार्दन देवांगन, होमलाल देवांगन, हेम कैलाश देवांगन, सत्यपाल देवांगन, राजू देवांगन, श्रवण देवांगन, मकरध्वज देवांगन, चैनेश्वर, रूपलाल, सुमन देवांगन, जयश्री देवांगन, महेश्वरी देवांगन, लक्ष्मी देवांगन, शकुंतला बांकुरे, गायत्री देवांगन, मधुबाला देवांगन आदि का सराहनीय योगदान रहा। सचिव विनोद देवांगन ने आभार व्यक्त किया।

## सिटी इवेंट

### मासूम बालिका के साथ घटित दुष्कर्म की घटना की निंदा, दोषी को मृत्युदंड की मांग





**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने आक्रोश व्यक्त करते हुए दुर्ग की मासूम बालिका के साथ घटित हैवानियत एवं हत्या की घटना को बहुत ही दर्दनाक, शर्मनाक एवं मानवता पर कलंक बताया है। इस घटना ने रिश्तों को कलंकित एवं तार-तार कर दिया है। उन्होंने मांग की है कि अपराधी को फांसी ही दी जानी चाहिए। फास्ट ट्रैक कोर्ट में इसकी सुनवाई हो। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पूर्ण नशाबंदी होना चाहिए। लचर कानून व्यवस्था को सुधारने तथा पुलिसिंग व्यवस्था को चुस्त- दुरुस्त करने की भी जरूरत है, ताकि अपराधियों पर पुलिस का खौफ रहे। प्रदेश संयोजिका सुमन देवांगन ने कड़े शब्दों में इस घटना की निंदा करते हुए कहा है कि कन्या पूजन एवं नारी सम्मान की बात करने वाले कथित सभ्य समाज के मुंह पर ऐसी घटनाएं तमाचा है। संस्कार विहीन होते जा रहे परिवार एवं समाज के लिए ऐसी घटनाएं चेतावनी एवं चिंतनीय है। अगर समय रहते हमने अपने परिवार और समाज में बच्चों एवं युवाओं को अच्छे संस्कार की शिक्षा नहीं दी, तो मनुष्य को सभ्य कहलाने का कोई हक नहीं है।

## सिटी इवेंट

### पोटिया चौक का नाम भगवान परशुराम के नाम पर होगा, समाज ने उठाई मांग



**दुर्ग।** सर्व ब्राह्मण समाज के सभी सदस्यों ने महापौर अल्का बाघमार और सभापति श्याम शर्मा से नगर निगम में मुलाकात की। इसमें उन्होंने पोटिया चौक को परशुराम चौक के नाम करने की मांग की। महापौर अल्का बाघमार ने सर्व ब्राह्मण समाज को आश्वासन देते कहा ति एमआईसी मीटिंग में इस मुद्दे को उठाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में पोटिया चौक का नाम बदलकर परशुराम चौक रखा जाएगा। वे पूरी कोशिश करेंगे ताकि दुर्ग शहर को परशुराम चौक मिल सके। इस अवसर पर कंचन शुक्ला, राजकुमार तिवारी, लोकेश शुक्ला, बृजमोहन तिवारी, कमलेश अवस्थी, प्रमोद अवस्थी, अंबीका तिवारी, मनीषा तिवारी, राकेश मिश्रा, पं राजेश तिवारी, अवधेश मिश्रा, उमेश उपाध्याय, संजय तिवारी, रामप्रसाद दीक्षित, अशोक बाजपेई, राजेन्द्र मिश्र तथा पं. संजय मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## भगवान महावीर की 2624वीं जयंती पर दुर्ग-भिलाई में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन

# महावीर जयंती पर 500 से ज्यादा जैनियों ने किया रक्तदान, 275 को बांटे चश्मे

# सांस्कृतिक आयोजनों के साथ शहर में आज नगर भ्रमण को निकलेगी शोभायात्रा

भगवान महावीर की 2624वीं जयंती पर दुर्ग-भिलाई में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 10 अप्रैल को सभी जगहों पर महावीर जयंती को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। दुर्ग-भिलाई में भगवान महावीर का रथ नगर भ्रमण को निकलेगा, जिनका जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। णमोकार का मंत्र और मानवता का संदेश लेकर यह शोभायात्रा आयोजन की जानी है। इधर दुर्ग और भिलाई में जैन समाज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 500 यूनिट से ज्यादा ब्लड कलेक्ट किया गया। दंत और नेत्र शिविर भी लगाया गया, जिसमें 275 लोगों को चश्में बांटे गए।





**भिलाई।** त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में विश्व णमोकार महामंत्र मैं मानवता के मंत्र का जाप करते हुए सैकड़ों भक्तों ने प्रधानमंत्री मोदी के 9 संकल्प को ग्रहण किया। मंदिर में सुबह 1008 शांतिनाथ भगवान का अभिषेक, शांति धारा भक्तों ने किया। विश्व णमोकार महामंत्र दिवस पर जैन मिलन ट्रस्ट, महिला क्लब और सकल जैन समाज ने महावीर स्वामी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना की। इस दौरान डॉ. उपेंद्र जैन, जैन मिलन के अध्यक्ष मुकेश जैन, ज्ञानचंद बाकलीवाल, दीपचंद जैन, प्रकाश गोलछा, ज्ञानचंद जैन, महावीर बेगानी, कमल जैन, प्रदीप जैन, सोमेश बाकलीवाल, भावेश शाह सहित अन्य मौजूद थे। इस दौरान समाज के लोगों को जानकारी दी गई कि 10 अप्रैल को दोपहर 12 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा निकाली जाएगी। इधर भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव द्वारा दुर्ग पुरानी गंजमंडी में आयोजित कार्यक्रम में सांसद विजयय बघेल और ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल हुए। उनके अलावा सुरेन्द्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा भी मौजूद थे। ललित चंद्राकर ने कहा कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। यह पावन अवसर हमें भगवान महावीर के जीवन और उनकी शिक्षाओं को याद करने का अवसर प्रदान करता है। भगवान महावीर जैन धर्म के



24वें तीर्थंकर थे। उनका जन्म 599 ईसा पूर्व में बिहार के कुंडलपुर में हुआ था। भगवान महावीर ने अपने जीवन में अहिंसा, सत्य, और आत्म-नियंत्रण के सिद्धांतों पर जोर दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी हमें प्रेरित करती हैं,इस अवसर पर, हम भगवान महावीर की जयंती के महत्व को समझने और उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करे। आइए हम भगवान महावीर के आदर्शों पर चलने का संकल्प लें और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाएं।

### महावीर जन्म कल्याणक पर ऐतिहासिक रक्तदान शिविर

दुर्ग में 200 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। मानवता, भाईचारा और समानता संदेश दिया गया।डोनेट थोड़ा सा अभियान के अंतर्गत महावीर जन्म कल्याण महोत्सव समिति, सेवक जन फाउंडेशन, अविश एडुकॉम तथा नव दृष्टि फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वर्धमान भवन गवलीपारा में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 200 से अधिक रक्तदाताओं ने भाग लेकर एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। बड़ी संख्या में स्त्री एवं पुरुष शिविर स्थल पहुंचे। स्वेच्छा से रक्तदान किया। अभिजीत पारख ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हम चार वर्षों से लगातार समाज में यह संदेश दे रहे हैं। रक्तदान सबसे महान सेवा है। कार्यक्रम में रितेश जैन, सपन जैन, केसर गुप्ता, सुरेश जैन, चेतन जैन, मुकेश राठी, विकास जायसवाल, रूपल गुप्ता, नेहा शर्मा, आरती यादव, नवीन संचेती, राज आढ़तिया, भास्कर विश्वकर्मा और नीलेश पारख सहित अन्य मौजूद थे।



### ऋषभदेव परिसर में दन्त एवं नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

दुर्ग भगवान महावीर जन्म कल्याक महोत्सव समिति दुर्ग द्वारा श्री महावीर कॉन्टिनेंटल ऑर्गेनाइजेशन दुर्ग भिलाई शाखा के सहयोग से ऋषभदेव परिसर में नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण का कार्य तथा मैत्री डेंटल कॉलेज के सहयोग से दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सुबह से ही लोगों की जांच कराने हेतु भीड़ जुटी रही। महावीर कॉन्टिनेंटल ऑर्गेनाइजेशन की ओर से वातानूकुलित चलित नेत्र चिकित्सा बस में मरीज की जांच की गई। आवश्यकता अनुरूप डॉक्टर की जांच के पश्चात ड्रॉप एवं चश्मा वितरण का कार्य भी किया गया। शिविर में लगभग 275 से अधिक मरीजों की जांच कर चश्मों का वितरण भी किया गया। जिला चिकित्सालय एवं एवं संस्था की ओर से डॉ. मिथिलेश सोनवानी, डॉ. एमआर शेख, डॉ. मुकेश शर्मा, उत्तम साहू, राम अवतार पटेल ने सेवाएं दी। इस अवसर पर नरेंद्र जैन, नवीन बोथरा, एलएन नेमा, देवी चंद कोठारी, संभव बरमेचा सहित अन्य मौजूद थे।



### हाथों में लगाई मेहंदी, नृत्य नाटिका सहित अन्य सांस्कृतिका कार्यक्रमों की प्रस्तुति



दिगंबर एवं श्वेतांबर समाज के अलग-अलग जैन महिला मंडलों ने एक साथ मिलकर प्रभु महावीर को स्मरण करते हुए हाथों में मेहंदी रचाकर गीत, संगीत एवं नृत्य नाटिका के द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी। इसी क्रम में कव्वाली नाट्यमंचल नृत्य संगीत, हॉजी सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मनोहर महिला मंडल, भगवान जन्म कल्याणक महोत्सव समिति नृत्य की प्रस्तुति दी गई। संचालन मनोहर महिला मंडल की जेठी बुरड़ एवं नीतू दुग्गड़ ने किया। राजस्थानी परिधानों ने सबका मन मोह लिया। महिलाओं ने हाथों पर मेहंदी लगाकर भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया। जैनत्व महिला मंडल ने भक्तिमय नृत्य की प्रस्तुति दी। रूपल गुप्ता एवं उनकी 30 सदस्यों की टीम ने मेहंदी लगाई। इसके साथ शाम को भजन का कार्यक्रम हुआ।

## बीजेपी कार्यालय में लगाई सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी

**भिलाई- दुर्ग।** बीजेपी का स्थापना दिवस पखवाड़ा जारी है। इस दौरान दुर्ग और भिलाई भाजपा जिला संगठन द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और पूर्व अध्यक्षों के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। दुर्ग में सांसद विजय बघेल ने इसका उद्घाटन किया। वहीं भिलाई में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन और खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडेय कार्यक्रम में शामिल हुए। भाजपा के 46 वें स्थापना दिवन में सेवा पखवाड़ा के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी के साथ पूर्व जिला अध्यक्षों के छवि चित्रण की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू एवं विजेन्द्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे। रिकेश सेन ने कहा कि भाजपा का एजेंडा सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए मजबूत और विकसित भारत बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ताओं का योगदान होना चाहिए।



## 13-14 को अंबेडकर जयंती समारोह सांसद विजय बघेल होंगे शामिल

**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा की तरफ से बाबासाहेब डॉ, भीमराव अंबेडकर की सार्वजनिक जयंती 13-14 अप्रैल को मनाई जाएगी। आयोजन में सांसद विजय बघेल को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम को लेकर सांसद विजय बघेल को आमंत्रित करने आयोजन समिति के पदाधिकारी उनके निवास पहुंचे। इस दौरान अवगत कराया गया कि 11 अप्रैल की सुबह 10 बजे महात्मा जोतिबा फुले जयंती समारोह बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में आयोजित है। सांसद ने सहर्ष आमंत्रण स्वीकार किया। 11 अप्रैल को महात्मा जोतिबा फुले जयंती के कार्यक्रम में सांसद निधि राशि 5 लाख की लागत से नव निर्मित छोटे हाल का लोकार्पण करेंगे।

## आईआईटी भिलाई के हेपीनेस सेंटर में आयोजित कार्यशाला में क्लीनिकल साइकोलॉजी के प्रो. मनोज शर्मा का व्याख्यान

# स्मार्टफोन के लगातार उपयोग से नोमोफोबिया, फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम, थकान जैसी समस्याएं पैदा हो रहीं : मनोज शर्मा

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई के हैप्पीनेस एंड वेलनेस सेंटर में एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। आयोजन में क्लीनिकल साइकोलॉजी के प्रोफेसर और शट क्लिनिक (भारत का पहला टेक डि-एडिक्शन क्लिनिक) निमहांस बेंगलुरु के समन्वयक प्रोफेसर मनोज कुमार शर्मा प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने इस सत्र में स्मार्टफोन और आधुनिक जीवन के बीच जटिल संबंधों पर गहन चर्चा की गई। इसके सजग उपयोग के लिए रणनीतियां प्रस्तुत की गईं। व्याख्यान की शुरुआत स्मार्टफोन के इस्तेमाल की व्यापकता को संबोधित करते हुए की गई, जिसमें बताया गया कि कैसे ये डिवाइस सभी आयु समूहों के लिए अपरिहार्य हो गए हैं। प्रो. शर्मा ने फिर अत्यधिक स्मार्टफोन के इस्तेमाल के नुकसानों पर चर्चा की। इससे नोमोफोबिया, फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम, सोशल मीडिया थकान आदि जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। मास्लो के आवश्यकताओं के पदानुक्रम का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार टेक्नोलॉजी का उपयोग व्यक्तियों के मनोवैज्ञानिक कल्याण पर प्रभाव डालता है।



### मोबाइल का ज्यादा उपयोग विकास और सामाजिक संबंधों में बाधा

संभावित रूप से व्यक्तिगत विकास और सामाजिक संबंधों में बाधा उत्पन्न करता है। इससे स्मार्टफोन की लत से जुड़ी सह-रुग्णताओं, जैसे चिंता, अवसाद और ध्यान की कमी पर चर्चा शुरू हुई। मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से डॉ. शर्मा ने इंटरनेट की लत की अवधारणा का पता लगाया, जिसमें बताया गया कि कैसे विभिन्न समस्याग्रस्त विचार और भावनाएं स्मार्टफोन के उपयोग को बढ़ाती है। इसके बाद उन्होंने स्मार्टफोन के प्रभावी उपयोग के लिए व्यावहारिक रणनीतियां प्रस्तुत की। जिसमें अति प्रयोग के लिए ट्रिगर्स की पहचान करने के लिए व्यक्तिगत उपयोग पैटर्न का आकलन करना, वास्तविक दुनिया के कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए शारीरिक गतिविधियों में शामिल होना, मनोवैज्ञानिक गतिविधियों का अभ्यास करना शामिल है। सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देना जैसे कि पारिवारिक डिजिटल उपवास और इंटरनेट उपयोग डायरी रखने से समस्या का निराकरण हो सकता है।

### स्मार्ट फोन के उपयोग से सामने आने वाली चुनौतियों को भी जानिए

लेक्चर का समापन एक विचारोत्तेजक चर्चा के साथ हुआ, जिसमें प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा की गई। इसमें स्मार्टफोन का कितना उपयोग होना चाहिए। क्या हम सामाजिक अलगाव के उच्च स्तर का अनुभव कर रहे हैं? क्या हम वास्तविक दुनिया में सार्थक संबंध खो रहे हैं? प्रो. शर्मा ने स्मार्टफोन के स्वस्थ उपयोग को बढ़ावा देने के लिए रणनीतियों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। दर्शकों से डिजिटल सुविधा और वास्तविक मानवीय संपर्क के बीच संतुलन बनाने का आग्रह किया।

## सिटी इवेंट

# राज्य स्तरीय शिविर में तृप्ति ने किया विवि का प्रतिनिधित्व



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्रा तृप्ति साहू बी.एस.सी. सेकेंड सेमेस्टर ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग का प्रतिनिधित्व करते हुए अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय शिविर में प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि शिविर की सहभागिता से बच्चों में देश सेवा, समाज सेवा की भावना के साथ ही व्यक्तित्व का विकास होता है। शिविर में छात्रा द्वारा सक्रिय रूप से सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों में भाग लेने पर उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। डिजिटल साक्षरता एवं नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर यह राज्य स्तरीय शिविर भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा, अंबिकापुर छत्तीसगढ़ में आयोजित की गई थी। जिसमें छात्रा ने बौद्धिक परिचर्चा, पर्यावरण संरक्षण, चित्रकला, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द आदि विषयों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। नशा मुक्त समाज पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में तृप्ति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. मुक्ता सांखला, डॉ अनुजा चौहान व ज्योति भरण ने छात्रा को बधाई दी।

■ सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों में लिया हिस्सा

● रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज के कल्चरल फेस्ट व्योम में पहुंचे सिंगर दिव्य कुमार

# हवनकुंड मस्तों का झुंड फेम दिव्य के लाइव कॉन्सर्ट में झूम उठे भिलाइयंस, कहा-बिना संघर्ष किए सफलता नहीं मिलती

भिलाई। जिदंगी के हर एक पल को बड़े ही प्यार, सम्मान व इज्जत के साथ जीना चाहिए। जो भी करो, सच्ची लगन के साथ कड़ी मेहनत से करो। छत्तीसगढ़ के युवा बेहद टैलेंटेड हैं। म्युजिक की भी काफी समझ रखते हैं। युवा चाहें म्युजिक की फील्ड में कामयाब हों या फिर इंजीनियर बनें, मेहनत दोनों ही जगह करनी होगी। बिना संघर्ष किए सफलता नहीं मिलती। यह बातें दिव्य कुमार ने स्टेज परफार्मेंस के दौरान युवाओं से कहा। रूंगटा आर-1 ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में सालाना कल्चरल एवं टेक्नो फेस्ट व्योम-2025 के दूसरे दिन लाइव कॉन्सर्ट में बॉलीवुड फिल्म बदलापुर का शानदार सॉन्ग जी करदा को अपनी खूबसूरत आवाज से मशहूर करने वाले प्लेबैक सिंगर दिव्य कुमार ने भिलाइयंस यूथ की शाम यादगार बना दी।



### शानदार गीतों से सजी महफिल

शानदार लाइटों की चकाचौंध कर देने वाली रौशनी के बीच जैसे ही बदलापुर का गीत जी करदा और भाग मिलखा भाग का सुपरहीट सॉन्ग हवनकुंड मस्तों का झुंड....हवन करेंगे, गूंजा हजारों युवाओं की भीड़ भी उनके संग गुनगुना उठी। दिव्य के गाए हर गीत पर जवां दिलों के पैर थिरकते रहे। फिल्म काय पो चे के हर दिल अजीज गीत शुभारंभ ने भी खूब शोहरत बटोरी। अपने फोन का टार्च जलाकर भिलाइयंस ने सफेद रौशनी के जरिए इस महफिल को और भी रंगीन बना दिया। इसके बाद अनप्लग सॉन्ग, ये जो हल्का-हल्का सुरूर है... ने भी सभी यूथ के बीच शोहरत पाई। लाइव कॉन्सर्ट के बीच दिव्य कुमार ने देश भक्ति की अलख भी जगाई। ऑल टाइम फेवरेट गीत, ये संविधान है... के जरिए मौजूदा हजारों स्टूडेंट्स को देश के प्रति उनका कर्तव्य याद दिलाया। फिल्म बाहूबली के गीत, मनोहरी... से लेकर लेकर सलमान खान की फिल्म दबंग-का सॉन्ग, हुड़-हुड़ दबंग, दंबग और इस जैसे करीब दो दर्जनों गीतों की यह महफिल शानदार बन गई।

### छत्तीसगढ़ में अपनेपन का अहसास

देर रात तक चले इस इवेंट में दिव्य ने अपने गीतों से भिलाई के यूथ का दिल जीतने के बाद छत्तीसगढ़ की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि मुंबई में रहते हुए भिलाई का काफी नाम सुन रखा था। म्युजिक और फिल्म इंडस्ट्रीज के कई सारे बड़े सितारे भिलाई से ही हैं, जिनको मैं करीब से जानता हूं। इस शहर में दाखिल होते ही एक खास अपनेपन का अहसास हुआ। यहां यूथ जिंदादिल होने के साथ एजुकेशन की सबसे अधिक परवाह करता है। यही इस शहर की सबसे बड़ी खासियत है। कार्यक्रम के दौरान हजारों युवाओं ने दुर्ग में 6 साल की मासूम के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में अपने मोबाइल के टार्च चालू कर उसे श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पूरे कैंपस की लाइटें बंद कर दी गईं और समाज के इस अंधेरे को मिटाने युवाओं ने फ्लैश लाइट के जरिए बेटियों के प्रति सम्मान और सुरक्षा का संदेश दिया।

### छत्तीसगढ़ के युवा बेहद टैलेंटेड, जो भी करो लगन से करो



दिव्य ने स्टेज पर गीत खत्म करने के बाद यूथ की तरफ इशारा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा बेहद टैलेंटेड हैं। युवाओं से रूबरू होकर उन्हें लाइफ में सबसे पहले अपनों का खयाल रखने और उसके बाद खुद का पैशन फॉलो करने की सीख दी। कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन संतोष रूंगटा, डायरेक्टर डॉ. सौरभ रूंगटा, डायरेक्टर सोनल रूंगटा, डायरेक्टर जनरल डॉ. मनीष मनोरिया, डॉ. एजाजुद्दीन, डॉ. संजीव शुक्ला, डॉ. एडविन एंथोनी व फैकल्टी मौजूद रहे।

## धर्म लाइव

# राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को आत्मसात करने दिया जोर



**भिलाई।** राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता विषय पर ग्रामसभा का आयोजन भारती विश्वविद्यालय द्वारा गोदग्राम कोनारी एवं पीसेगांव के पंचायत भवन में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारियों ने जाति व धर्म से ऊपर उठकर विकसित राष्ट्र बनाने पर जोर देते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को आत्मसात करने पर जोर दिया। ग्राम सभा में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं गोद ग्राम समन्वयक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम द्वारा ग्रामवासियों को जाति, धार्मिक संप्रदाय, वर्ग, नस्ल आदि के भेद से परे रहकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दृढ़ संकल्प से राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना को आत्मसात करने की बातें कही गई। इस दौरान डॉ मेश्राम ने बताया कि भारत में ग्रामीण जनसंख्या कुल आबादी की 70 प्रतिशत से अधिक है। इससे यह स्पष्ट है कि भारत को विकसित बनाने के लिए ग्रामीण समाज में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की भावना निर्णायक भूमिका का निर्वहन करेगी। राष्ट्र को एकता एवं अखंडता के सूत्र में पिरो कर ही हम अपनी विकराल सामाजिक समस्याओं से निजात पा सकते हैं। कार्यक्रमों के आयोजन में गोदग्राम पीसेगांव सरपंच द्रौपदी देशमुख, गोदग्राम कोनारी उप-सरपंच सुरेश कुमार साहू सहित राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. रोहित कुमार वर्मा, डॉ. भूमिका मिश्रा तथा रॉलिक बेंजामिन दास का विशेष रुप से उपस्थित थे।

■ भारती विश्वविद्यालय द्वारा कोनारी एवं पीसेगांव में ग्रामसभा का आयोजन

## परिधान वितरण

# नए सत्र में स्कूल ड्रेस पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे श्लोकों और मंत्र पाठ से वातावरण हुआ आध्यात्मिक





**भिलाई।** ग्रेट इंडिया टैलेंट्स फाउंडेशन द्वारा संचालित भिलाई इस्पात विकास विद्यालय सेक्टर-6 में शाला के नए सत्र में विद्यार्थियों के लिए परिधान वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने संस्कृत के श्लोक और मंत्रों का पाठ कर सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई। रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के गायन दल ने पवित्र श्लोकों और मंत्रों के पाठ से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे आध्यात्मिक वातावरण बन गया। इस दौरान छात्रा प्रियांशी द्वारा सुंदर भाव-भंगिमाओं के साथ शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसे देख जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा वातावरण गूंज उठा। बेहतर प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए सांसद विजय बघेल द्वारा प्रियांशी को एक स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को गणवेश का वितरण किया गया। नए स्कूल ड्रेस पाकर सभी बच्चों के चेहरों में खुशी दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान विजय बघेल ने सांस्कृतिक जीवंतता और प्रेरणादायक संबोधनों से शिक्षकों व बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने समग्र शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को अपने सभी प्रयासों में उत्कृष्टता का प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही युवा प्रतिभाओं को पोषित करने और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए ग्रेट इंडिया टैलेंट्स फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। अक्षय पात्र सेक्टर 6 से प्रमुख व्योमपाद दास प्रभु ने गीता के आध्यत्मिक वचनों से बच्चों को आगे बढ़ने प्रेरित किया। योगेश दुबे ने शिक्षा के महत्व और भविष्य को आकार देने की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## सामाजिक सरोकार

# गर्मी में राहगीरों के कंठ को तर करने प्याऊ घर का हुआ उद्घाटन



**भिलाई।** प्रतिदिन बढ़ रही गर्मी को देखते हुए शहर की सामाजिक संस्थाएं सेवा कार्य में लगे हुए है। भीषण गर्मी से राहगीरों के कंठो को तर करने विभिन्न स्थानों में प्याऊ घर की शुरुआत की जा रही है।

पर्यावरण मित्र मंडल भिलाई द्वारा साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के तहत सेक्टर 6 ए मार्केट में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान मार्केट के आसपास क्षेत्र की सफाई की गई। जिसके बाद पर्यावरण मित्र मंडल भिलाई और वरिष्ठ नागरिक मंच भिलाई के अध्यक्ष डी.पी. राय द्वारा सेक्टर 6 ए मार्केट में प्याऊ घर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंडल के सदस्यों ने बताया कि इसके पूर्व नवरात्रि के प्रथम दिवस पर ग्लोब चौक (महिला थाना) के पास एक प्याऊ घर की शुरुआत की गई थी। इस अवसर पर पर्यावरण मित्र मंडल भिलाई के संरक्षक बालूराम वर्मा, डी.पी. चौधरी, मनोज चौबे, सियाराम कश्यप, कैलाश जोशी, चंद्रशेखर बैस, दयाशंकर मिश्रा, लखन लाल मलागर, एस.के. सेन एवं अरूप राय विशेष रुप से उपस्थित रहे।

**सेक्टर 6 ए मार्केट में चलाया स्वच्छता अभियान, खुला प्याऊ घर**

## समाज इवेंट

# डॉ. आंबेडकर की जयंती पर 11 से 14 अप्रैल तक होंगे विविध आयोजन



**भिलाई।** बुद्ध विहार समिति शंकर नगर दुर्ग द्वारा डॉ भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें 11 से 14 अप्रैल तक जयंती समारोह के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस आयोजन में 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक महिलाओं, युवाओं व बच्चों द्वारा विभिन्न प्रतियोगियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही बुद्ध समिति के सीनियर सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का स्वागत व सम्मान भी किया जाएगा। शुक्रवार की शाम 6 बजे से महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग महापौर अलका बाघमार, बुद्ध विहार समिति शंकर नगर दुर्ग अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बागड़े कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। 13 अप्रैल को शाम 6 बजे से अमृत शिद्धि नागपुर द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा। 14 अप्रैल को सुबह 9 बजे पंचशील ध्वज फहराया जाएगा। 9.30 बजे डॉ बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, 10 बजे बुद्ध विहार में सामूहिक बुद्ध धम्म संघ वंदना की जायेगी। कलेक्टर परिसर में स्थापित डॉ बाबा आंबेडकर कि प्रतिमा को मान वंदना की जायेगी। दोपहर 2 बजे विशाल रैली निकाली जायेगी। शुरुआत पूर्व विधायक अरुण वोरा द्वारा नीली झंडी दिखाकर की जाएगी। यह रैली बुद्ध विहार शंकर नगर दुर्ग से शुरु होते हुए आर्य नगर, ग्रीन चौक, सिंधी कॉलोनी, राजेंद्र चौक, नया बस स्टैंड, पटेल चौक से इंदिरा मार्केट, पोलसाय पारा, भाटिया नर्सिंग होम होते हुए बुद्ध विहार शंकर नगर दुर्ग में समाप्त होगी। समिति ने सभी उपासक-उपासिकाओ से रैली व कार्यक्रमों में उपस्थित होकर एकता का परिचय देने अपील की है।

■ दुर्ग से निकलेगी रैली

## श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में सात दिवसीय कार्यशाला का समापन

# नए उपकरणों व तकनीकों से एंजाइम टेक्नोलॉजी का विद्यार्थियों ने किया प्रयोग, बताया अपना अनुभव

**कार्नर न्यूज**



भिलाई। शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में लाइफ साइंस विभाग के द्वारा पढ़ाई के साथ साथ विज्ञान के क्षेत्र में आ रही नई तकनीकों का प्रशिक्षण देने सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बेंगलुरु के बायो इनोवेल लाइफ साइंस कंपनी के सहयोग से आयोजित की गई थी। जिसमें युवा वैज्ञानिक देवाशीष द्वारा विद्यार्थियों ने नए उपकरणों व तकनीक के माध्यम से एंजाइम टेक्नोलॉजी के विभिन्न प्रयोगों को सीखा।





### विज्ञान के क्षेत्र में आ रही नई तकनीक का प्रशिक्षण भी जरूरी : आईपी मिश्रा

कार्यशाला के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई पी मिश्रा ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ विज्ञान के क्षेत्र में आ रही नई तकनीक का प्रशिक्षण भी जरूरी है। किसी भी संस्था की पहचान वहां की शैक्षणिक गुणवत्ता से होती है और संस्थानों ने इसका हमेशा ख्याल रखा है। हमारे विद्यार्थी ही हमारे ब्रांड एम्बेसडर हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपने जो इन 7 दिनों में सिखा है और जो सामूहिक चर्चा हुई है उससे लाभ भविष्य में जरुर मिलेगा।

### कार्यशाला का विवरण प्रस्तुत किया

कार्यशाला के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। लाइफ साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ निहारिका देवांगन ने पूरी कार्यशाला का विवरण प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ स्मिता सिलेट ने स्वागत भाषण में इस तरह के वर्कशॉप को पढ़ाई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के कार्यो की सराहना करते हुए नए अनुसंधान की रूपरेखा तैयार करने और इससे मिलने वाले अनुभव का लाभ उठाने की बातें कही।

प्रतिभागियों व जैनेंद्र कुमार ने अपने अनुभवों को शेयर करते हुए कहा कि एंजाइम की तकनीक को पढ़ा था पर कार्यशाला में हमने इसके गूढ़ सिद्धांतों का सत्यापन भी किया। संयोजक शेफाली माथुर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के डॉ सुशील चंद्र तिवारी, विज्ञान संकाय के प्रध्यापक और विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल ने 6 विकेट से जीता मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में रायपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मेंस अंडर 16 इंटर स्कूल क्रिकेट टुर्नामेंट - 2025 का आयोजन 05 अप्रैल से 15 अप्रैल तक जारी है। पांचवे दिन बुधवार को पांचवा मैच कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल विरुद्ध ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल के मध्य आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर में खेला गया। कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 21.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 135 रनो का स्कोर बनाए। कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल की ओर से अंतरिक्ष एक्का ने सर्वाधिक 50 रन तथा मीहिर पटेल ने 28 रनों का योगदान दिया। वहीं ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल की ओर से कप्तान वेदांत सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 5 विकेट लिए। 136 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल ने 16 ओवरों में 4 विकेट खोकर 136 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल की ओर से समर्थ अग्रवाल ने 29 रन तथा अर्नव दानोदिया ने नाबाद 22 रनों की पारी खेली। कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल की ओर से गौरव, ध्यान तथा यश ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल ने मैच 6 विकेट से जीत लिया। वेदांत सिंह प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किये गये। 10 तथा 11 अप्रैल को प्रतियोगिता का दूसरा राउंड प्रांरभ होगा जिसमें कुल 2 नॉकऑउट मैच खेले जायेगें। 10 अप्रैल को ब्रम्हविद ग्लोबल स्कूल विरुद्ध छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल और 11 अप्रैल को आदर्श विद्यालय, मोवा विरुद्ध ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल मैच होगा।

### सीनियर टी-20 ट्रायल कल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सीनियर टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका प्रारंभ 18 अप्रैल को होना है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार सभी जिलों में सीनियर टी-20 ट्रायल लिया जाएगा और ट्रायल के पश्चात ही जिले की टीम बनेगी। जिला क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा सीनियर टी-20 ट्रायल आधारशिला विद्या मंदिर स्कूल रमतला कोनी में बिलासपुर 11 अप्रैल को सुबह 9 बजे होगा। ट्रायल सफेद ड्यूज बाल से कराया जाएगा जिसके लिए सभी खिलाड़ियों को रंगीन वेशभूषा में उपस्थित होना है एवं अपनी स्वयं के किट लेकर आना अनिवार्य है। खिलाड़ियों को फॉर्म भरना होगा जिसके लिए हर बार की तरह इस बार भी अपने स्कूल के 6 साल की मार्कशीट, जन्म प्रमाण पत्र और पीवीसी आधार कार्ड का फोटोकॉपी, पासपोर्ट साइज़ फोटो और ट्रायल के लिए 500 रुपए फीस लाना होगा। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।

### छत्तीसगढ़ ईस्ट जोन के लिए 100 महिला खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के द्वारा 6 अप्रैल को क्रिकेट संघ बिलासपुर के तत्वाधान में महिला के सभी वर्गो का ट्रायल रेलवे के मैदान में संपन्न कराया गया। जिसमें सेलेक्टर के रूप में सीएससीएस के चयनकर्ता तरुणेश परिहार और विकास अग्रवाल मौजूद थे। जिसमें महिला अंडर-15, अंडर-19, अंडर- 23 और सीनियर खिलाड़ियों का ट्रायल लिया गया। जिसमें अंडर-15 में 20, अंडर-19 में 41, अंडर-23 में 24 और सीनियर में 15 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी वर्गो को मिलाकर 100 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। ईस्ट जोन में विलासपुर के अलावा कोरबा, रायगढ़ और जांजगीर चांपा शामिल थे।

चयनकर्ताओं द्वारा सर्वप्रथम अंडर 15 का ट्रायल लिया गया, उसके बाद अंडर 19 , फिर अंडर 23 और अंत में सीनियर वर्ग के ट्रायल लिये गये। जिसमें फिजिकल फिटनेस, फील्डिंग, गेंदबाजी और बल्लेबाजी को परखा गया। ट्रायल के दौरान क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव विंटेश अग्रवाल, आलोक श्रीवास्तव, आशीष शुक्ला, ओपी यादव, दिलीप सिंह, बीसीसीआई पिच क्यूरेटर शमीम मिर्जा, शैलेश सैमुएल, मनीष सक्सेना, डॉक्टर वैभव होटलवर, शेख अल्फ़ाज़, एस जावेद, अभिषेक सिंह , महेश दत्त मिश्रा, अभिनव शर्मा, सोनल वैष्णव, मोहम्मद जाकिर, नंदगिरीश, मोईन मिर्जा मौजूद थे। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।

## मौसम के मिजाज को देखते हुए अस्पतालों ने शुरू कर दीं तैयारियां

# अप्रैल में ही जारी होने लगा है लू का अलर्ट हार्ट-किडनी के मरीज भी हो जाएं सावधान

देश भर में गर्मी चरम की ओर जा रही है। छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न हिस्सों में पहले ही लू की चेतावनी दी जा चुकी है। दिल्ली-एनसीआर में लू का अलर्ट जारी होने के बाद से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। अस्पताल अभी से बीमार लोगों के इलाज की तैयारियों में जुट गए हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पिछले साल तैयार किए गए हीट स्ट्रोक यूनिट को फिर से एक्टिव कर दिया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों को सावधान किया है। पिछले कुछ दिनों से देशभर में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है। अप्रैल के पहले हफ्ते में ही दिल्ली-एनसीआर का तापमान 40 तक पहुंच गया है। मंगलवार (8 अप्रैल) को दिल्ली का तापमान 38 डिग्री तक दर्ज किया गया। मौसम विभाग पहले से ही अलर्ट कर चुका है कि इस साल की गर्मी पुराने कई रिकॉर्ड्स तोड़ सकती है।

समय से पहले हीटवेव और गर्मी के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर भी अलर्ट किया गया है। बढ़ती गर्मी के कारण न सिर्फ हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट के मरीजों की समस्या बढ़ जाती है, ये किडनी और कई अन्य गंभीर बीमारियों के जोखिम को भी बढ़ा सकती है।




### अस्पतालों ने शुरू कर दी तैयारी

दिल्ली-एनसीआर में लू का अलर्ट जारी होने के बाद से ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। अस्पताल अभी से बीमार लोगों के इलाज की तैयारियों में जुट गए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पिछले साल तैयार किए गए हीट स्ट्रोक यूनिट को फिर से एक्टिव कर दिया गया है। वहीं, लेडी हार्डिंग में हीट स्ट्रोक यूनिट तैयार किया जा रहा है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में आइस पैक का स्टॉक रखा जाएगा। हीट स्ट्रोक के शिकार मरीजों के शरीर का तापमान तुरंत सामान्य हो सकें, इसके लिए कई व्यवस्थाएं की गई हैं।



सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में पिछले साल 25 लोगों की हीट स्ट्रोक के कारण मौत हो गई थी। हालांकि, कई संगठनों के मुताबिक हीट स्ट्रोक से दम तोड़ने वाले मरीजों का आंकड़ा 193 के करीब था।

### हार्ट और किडनी के मरीजों के लिए दिक्कतें बढ़ा सकता है तापमान

नोएडा स्थित एक अस्पताल में इंटेसिव केयर यूनिट के डॉक्टर रविकांत गुंजन बताते हैं, गर्म मौसम और हीटवेव किसी को भी प्रभावित कर सकता है, इसके कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। जैसे-जैसे आपका शरीर बढ़ते तापमान के कारण गर्म होता जाता है, आपकी रक्त वाहिकाएं फैलने लगती हैं, जिससे रक्तचाप कम हो जाता है। इसके कारण आपके दिल को पूरे शरीर में रक्त का संचार करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। ये मौसम हृदय के मरीजों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इन महीनों में बरती गई थोड़ी भी लापरवाही आपके स्वास्थ्य के लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती है।

गर्मी से होने वाली बीमारियों में चक्कर आना, बेहोशी, मतली और सिरदर्द आम हैं, पर कुछ जटिलताएं जानलेवा भी हो सकती हैं। ये मौसम किडनी की समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए और भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।



### किडनी पर असर

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, हीटवेव का आपकी किडनी पर भी नकारात्मक असर हो सकता है, वहीं जिन लोगों को पहले से ही किडनी की दिक्कत है उन्हें और भी सावधान रहना चाहिए। अत्यधिक गर्मी के संपर्क में रहने वाले लोगों में इलेक्ट्रोलाइट्स का असंतुलन, किडनी इंजरी होने या किडनी में पथरी होने का खतरा काफी बढ़ जाता है।



## रात का भोजन कब और कितना करना चाहिए, आपको जानना जरूरी

भागदौड़ भरी जिंदगी ने हमारे जीवन में कई बदलाव ला दिए हैं। आजकल की व्यस्त दिनचर्या और अनियमित लाइफस्टाइल के कारण अक्सर हम अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। सही समय पर और हेल्दी डाइट का ध्यान रखना बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन हम कई बार इसे अनदेखा कर आगे बढ़ जाते हैं। इसका सीधा असर हमारे शरीर पर पड़ता है।

### स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार

स्वस्थ और फिट रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार बेहद जरूरी है। विशेषकर रात का भोजन सही समय पर और सही मात्रा में लेना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। एक्सपर्ट्स और कई शोध बताते हैं कि फिटनेस बनाए रखने के लिए डिनर पर ध्यान देना चाहिए। कुछ खास आइटम्स हैं जिन्हें रात के भोजन में शामिल न करना ही बेहतर होता है।

### रात का भोजन और समय

ऑफिस में देर तक काम करने, टीवी देखने या मोबाइल में व्यस्त रहने के कारण हम अक्सर रात का खाना सही समय पर नहीं खा पाते। थकावट के बाद सही समय पर डिनर करना बहुत जरूरी है। अगर आप देर से खाना खाते हैं, तो इससे भोजन पचने में कठिनाई होती है और आपकी नींद भी प्रभावित हो सकती है।



### सही भोजन का चुनाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, सुबह का नाश्ता भारी होना चाहिए और रात का खाना हल्का होना चाहिए। इससे मेटाबॉलिज्म और पाचन क्रिया सही रहती है। हैवी भोजन रात के समय पाचन संबंधी समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। डिनर और सोने के समय के बीच कम से कम तीन घंटे का अंतर होना चाहिए। रात के भोजन में रोटी, दाल, मिक्स वेजिटेबल, सलाद और पत्तेदार हरी सब्जियों को शामिल करना चाहिए। पत्तेदार हरी सब्जियों में भरपूर फाइबर होता है, जो सेहत और डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाता है। डिनर में दाल से बनी खिचड़ी, दाल का सूप, वेजिटेबल सलाद, ओट्स और दलिया अच्छे विकल्प हैं क्योंकि ये सुपाच्य होते हैं यानी आसानी से पच जाते हैं। कुल मिलाकर, ऐसा खाना चुनें जो आसानी से पचे।

### चाय और कॉफी का सेवन

एक महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि देर तक काम करते समय चाय या कॉफी का सेवन करना आम बात है, लेकिन डिनर के बाद इन्हें पीने से नींद आने में दिक्कत होती है। चाय और कॉफी में कैफीन होता है, जो नींद को प्रभावित कर सकता है। इसके बजाय, डिनर के कुछ समय बाद गुनगुना दूध पीना फायदेमंद हो सकता है। गुनगुना दूध हड्डियों को मजबूत करता है और नींद को बेहतर बनाता है। इस प्रकार, सही समय पर और संतुलित आहार के साथ-साथ कुछ आदतों को अपनाकर आप अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं और एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

## एकाग्रता बढ़ाने के लिए करें इन योगासनों का अभ्यास, पढ़ाई में बेहतर बनेगा छात्र

नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है, बल्कि मानसिक संतुलन और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को भी बढ़ाता है। यहां कुछ योगासन और प्राणायाम दिए गए हैं जो विशेष रूप से छात्रों के लिए उपयोगी हैं।

बच्चा कितने भी उत्साह से पढ़ने बैठता हो लेकिन कुछ देर में ही वह बोरियत महसूस करने लगता है। पढ़ते-पढ़ते नींद आना, पढ़ा हुआ कुछ ही घंटों में भूल जाना या पढ़ाई में मन न लगना, ऐसी तमाम समस्याएं हैं जिसका छात्रों को सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं का एक कारण एकाग्रता की कमी है। एकाग्र मस्तिष्क याददाश्त तेज बनाता ही है, साथ ही पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने में भी सहायक है। ऐसे में पढ़ाई में बेहतर करने के लिए छात्रों को एकाग्रता बढ़ाने की जरूरत होती है।

मस्तिष्क को तेज करने, याददाश्त मजबूत करने और एकाग्रता बढ़ाने के लिए योगासन अत्यंत प्रभावी हो सकते हैं। नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है, बल्कि मानसिक संतुलन और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को भी बढ़ाता है। यहां कुछ योगासन और प्राणायाम दिए गए हैं जो विशेष रूप से छात्रों के लिए उपयोगी हैं।

**ताड़ासन:** इस आसन के अभ्यास से शारीरिक और मानसिक संतुलन बढ़ता है। लंबे समय तक बैठकर पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए यह फायदेमंद योग क्रिया है। ताड़ासन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर अपने हाथों को सिर के ऊपर जोड़ें। पंजों पर खड़े होकर अपने शरीर को ऊपर की ओर खींचें। कुछ सेकंड तक इस स्थिति में रहें और धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में लौटें।

**वृक्षासन:** एकाग्रता बढ़ाने के लिए वृक्षासन का अभ्यास सहायक है और मानसिक स्थिरता को मजबूत



करता है। इस आसन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर एक पैर को दूसरे पैर की जांघ पर रखें। हाथों को सिर के ऊपर जोड़ें। संतुलन बनाए रखें और धीरे-धीरे सांस लें।

**ज्रासन:** वज्रासन का अभ्यास भी छात्रों के लिए फायदेमंद योग है। इस आसन से मानसिक शांति मिलती है। एकाग्रता बढ़ती है और पाचन तंत्र में सुधार होता है। वज्रासन के अभ्यास के लिए घुटनों के बल बैठकर अपने पैरों को पीछे की ओर मोड़ें। पीठ को सीधा रखें और हाथों को घुटनों पर रखें। गहरी सांस लेते हुए 5-10 मिनट तक इसी स्थिति में बैठें।

**भुजंगासन:** मस्तिष्क में रक्त प्रवाह को बढ़ाने और थकावट दूर करने के लिए भुजंगासन का अभ्यास किया जा सकता है। इस आसन को करने के लिए पेट के बल लेटें और हथेलियों को कंधों के पास रखें। धीरे-धीरे सिर और छाती को ऊपर उठाएं। कुछ सेकंड तक रुकें और फिर प्रारंभिक स्थिति में लौटें।

## इस तरह बनाएं भोग के लिए परफेक्ट हलवा

कई बार ऐसा होता है कि भोग के लिए बनने वाला सूजी का हलवा वैसा नहीं बनता, जैसा हम चाहते हैं। ऐसे में हम आपको इसे बनाने की सही विधि के बारे में बताएंगे। साथ ही ये भी बताएंगे कि हलवा बनाते समय आपको क्या गलतियां नहीं करनी हैं।



### सबसे पहले जानें हलवा बनाने की विधि

पहले जान लें कि आखिर आप आसान विधि से सूजी का हलवा कैसे बना सकते हैं। इसके लिए सही नाप का होना बेहद जरूरी है। सही नाप के लिए एक छोटी कटोरी सूजी लें, अब उसी कटोरी से नाप के सूजी की दोगुनी चीनी लें। सेम कटोरी से आपको 4 गुना पानी की जरूरत होगी। इसके साथ-साथ इलायची पाउडर, बादाम और काजू की भी आपको जरूरत पड़ेगी।




## कार्नर न्यूज

### कम खर्च में भी आप नई जगहों पर मना सकते हैं गर्मियों की छुट्टियां

# शिमला-मनाली नहीं, गर्मियों में इन जगहों पर जाकर आपको ठंडक के साथ मिलेगा सुकून

धुंध भरे पहाड़ों, खूबसूरत झीलों के बीच शांति और प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव लेने के लिए आपको कुछ ऑफबीट हिल स्टेशनों के बारे में बताया जा रहा है, जहां आप गर्मियों के महीने में घूमने की योजना बना सकते हैं। अप्रैल का महीना है और राजधानी दिल्ली समेत कई शहरों में तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। चटकती गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडी जगहों पर जाना चाहते हैं। हालांकि कम तापमान या ठंडी जगहों का जिक्र होते ही सबसे पहले शिमला मनाली की याद आती है। ये ऐसे हिल स्टेशन है, जहां साल भर पर्यटकों की भीड़ रहती है।

लेकिन आप इस उमस भरी गर्मी से राहत पाने के लिए ऐसे आफबीट हिल स्टेशन को चुनें, जहां का मौसम सुहावना हो और माहौल शांत हो। इस तरह के हिल स्टेशनों पर भीड़ कम होती है और सुकून ज्यादा होता है। धुंध भरे पहाड़ों, खूबसूरत झीलों के बीच शांति और प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव लेने के लिए आपको कुछ ऑफबीट हिल स्टेशनों के बारे में बताया जा रहा है, जहां आप गर्मियों के महीने में घूमने की योजना बना सकते हैं।



### कैसे पहुंचे कलगा, हिमाचल प्रदेश

कलगा पहुंचने के लिए हवाई अड्डे से 25 किलोमीटर की दूरी पर मणिकर्ण है, जहां के लिए बस या टैक्सी आसानी से मिल जाती हैं। मणिकर्ण से 10 किमी दूर कलगा गांव है, जहां से ट्रैक की शुरुआत होती है। इसके अलावा आप कुल्लू जिला पहुंचकर यहां से भुंतर तक सड़क मार्ग से पहुंचें।

### स्पीति वैली

स्पीति वैली हिमाचल प्रदेश के सबसे ठंडे हिल स्टेशनों में शामिल है। यहां सर्दियों में बहुत ज्यादा ठंड पड़ती है लेकिन गर्मी के मौसम में भी यहां का तापमान सर्दियों की तरह ही कड़कड़ाती ठंड वाला होता है। बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच गर्मी में भी सर्दी को महसूस किया जा सकता है। अप्रैल के महीने में स्पीति वैली का तापमान अप्रैल के महीने में माइनस में रहता है। न्यूनतम यहां माइनस 13 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 3 डिग्री सेल्सियस तापमान रहता है। यह मार्च से जून तक पर्यटकों के लिए बेहतरीन डेस्टिनेशन है।



### कैसे पहुंचें स्पीति वैली

ट्रेन से स्पीति वैली की यात्रा करना चाहते हैं तो सबसे निकटतम रेलवे स्टेशन जोगिंदर नगर स्टेशन हैं जो कि 169 किमी दूर है। यहां से आप अपने गंतव्य के लिए टैक्सी या स्थानीय बस के जरिए पहुंच सकते है।जोगिंदर नगर के लिए आप पठानकोट से टॉय ट्रेन का सफर भी कर सकते हैं।

### तवांग

अरुणाचल प्रदेश का तवांग अपने ठंडे मौसम और खूबसूरत मठों के लिए पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र है। यहां इस महीने औसतन अधिकतम तापमान 14 डिग्री और न्यूनतम 2 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। तवांग में भारत का सबसे बड़ा और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मठ भी स्थित है। प्राकृतिक नजारों, सुहावने मौसम के बीच सुकून भरी छुट्टियां बिताने के लिए तवांग की यात्रा की जा सकती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# 'मिशन इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग' की मची धूम, प्लेन से लटक कर टॉम क्रूज ने किया ऐलान



टॉम क्रूज की आगामी फिल्म 'मिशनः इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग' का नया ट्रेलर आया है। अभिनेता टॉम क्रूज ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर करते हुए इसकी घोषणा की। टॉम के फैंस को उत्सुकता को इस पोस्ट ने बढ़ा दिया है।

अभिनेता ने एक्स पर जो तस्वीर शेयर की उसमें वह एक प्लेन के पहिए से लटकते नजर आ रहे हैं। वह इस फ्रेंचाइजी की आठवीं किस्त में एथन हंट के रूप में वापसी कर रहे हैं। अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह वही ट्रेलर है, जो पिछले सप्ताह सिनेमाकॉन में दिखाया गया था, जिसमें क्रूज के सुपरस्पाई को एक हवाई बाइप्लेन के पंखे से लटकते हुए और एक जहाज के डेक से समुद्र में छलांग लगाते हुए देखा गया था। नवंबर में फिल्म का एक ट्रेलर दिखाया गया था, जिसमें पिछली फिल्म में एरिका स्लोएन के रूप में एंजेला बैसेट की वापसी की पुष्टि की गई थी, जो पिछली फिल्म में नहीं दिखी थीं। अन्य वापसी करने वाले कलाकारों में विंग रेम्स और साइमन पेग शामिल हैं, जो एथन के आईएमएफ टीम के साथी लूथर स्टिकेल और बेनजी डन की भूमिका में हैं। हेले एटवेल ग्रेस की भूमिका में, एसाई मोरालेस गेब्रियल की भूमिका में, वैनेसा किर्बी अलाना मित्सोपोलिस की भूमिका में और पॉम क्लेमेंटिएफ पेरिस की भूमिका में नजर आएंगे। नए कलाकारों में हन्नाह वाडिंग हैम, कैटी ओ'ब्रायन, जेनेट मैकटीर, लुसी तुलुगरजुक और ट्रैमेल टिलमैन शामिल हैं।'मिशनः इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग' 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

### टॉलीवुड

# 'सरदार 2' के मेकर्स फैंस को दिया डबल तोहफा, देश को बड़े खतरे से बचाने निकले



साउथ स्टार कार्ति की मच अवेटेड फिल्म 'सरदार 2' के मेकर्स ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। मेकर्स ने सफल जासूसी फिल्म के अगले भाग का फर्स्ट लुक और टीजर वीडियो जारी कर दिया गया है। इस फिल्म के जरिए कार्ति एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने आ रहे हैं।

'सरदार 2' के मेकर्स ने कार्ति के फैंस का दिन बना दिया है। मेकर्स ने फिल्म का एक टीजर वीडियो जारी किया है, जिसे प्रोलॉग वीडियो बताया है। लगभग तीन मिनट लंबे इस वीडियो में कार्ति जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। टीजर की शुरूआत में चीनी सेना दिखती है। चीनी सेना एक व्यक्ति से पूछती है कि क्या डेलीगेट अभी भी अंदर है? व्यक्ति कहता है हां, दरवाजा बंद हुए एक घंटा हो चुका है। जिसके बाद सेना दरवाजे को तोड़ने का प्रयास करने लगती है। वहीं दरवाजे के अंदर तलवारों से युद्ध चल रहा है। जिसमें एक तलवार पर सबसे पहले कार्ति की झलक दिखती है।

उसके बाद कार्ति दरवाजे के अंदर तलवार लेकर एक्शन करते नजर आते हैं। काफी एक्शन के बाद एक व्यक्ति कार्ति से पूछता है तुम कौन शैतान हो और मुझसे क्या चाहते हो? इसके बाद वो व्यक्ति कार्ति के ऊपर हमला करता है, लेकिन वो उससे बच जाते हैं। इसके बाद कार्ति का पूरा लुक सामने आता है और वो व्यक्ति कार्ति को देखकर कहता है सरदार।

बाद में वो व्यक्ति सरदार से कहता है कि तुम्हारे देश की ओर एक बड़ी प्रलय आ रही है। जिसे कोई नहीं रोक पाया है। पूरी दुनिया की खुफिया एजेंसियां उसके पीछे पड़ी हैं। ब्लैक डैगर आ रहा है। इसके साथ ही एसजे सूर्या के किरदार की दमदार तरीके से एंट्री होती है। वहीं सरदार उस व्यक्ति से कहता है कि हमारे देश में एक कहावत है कि 'जब युद्ध हम पर हावी होता है, हम जीवन की परवाह नहीं करते।'इसके बाद कार्ति उस व्यक्ति को मार देता है।

### भोजपुरी

# अनिषा को परेशान करते नजर आए खेसारी दोनों के बीच दिखी गजब की केमिस्ट्री



खेसारी लाल यादव भोजपुरी इंडस्ट्री के एक जाने माने कलाकार है और आपको बता दें कि वह आज किसी भी पहचान के मोहताज नहीं है। खेसारी लाल यादव ने काफी कड़ी मेहनत के बाद में इस मुकाम को हासिल किया है और आज उनके लाखों में फैन्स भी है। वह हर एक दिल पर राज करते हैं और साथ ही साथ फैन्स उनको काफी पसंद करते हैं। जानकारी के लिए आपको बता दें कि खेसारी लाल यादव की सीन किसी वजह से हमेशा चर्चा में रहते हैं। अक्सर उनके नए से लेकर पुराने गाने भी खूब वायरल रहते हैं। अब इसी बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दरअसल खेसारी लाल यादव का एक नया गाना आया है। खेसारी लाल यादव के साथ इस गाने में भोजपुरी एक्ट्रेस अनिशा को देखा जा रहा है। इस दौरान खेसारी लाल यादव भी अनिशा को छेड़ते हुए नजर आते हैं। जहां अनिशा को बहुत ज्यादा गर्मी लग रही होती है तो वही खेसारी लाल यादव उनको बार-बार परेशान करते हुए देखने के लिए मिल रहे हैं। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। खेसारी लाल यादव के इस नए गाने का नाम 'हाक दिही बेना' है। इस गाने में दोनों के बीच में खूब नोक झोक देखने को मिल रही है। खेसारी लाल यादव और अनिशा दोनों ही इस गाने में जमकर डांस करते और एक दूसरे पर प्यार लुटाते हुए देखे जा सकते हैं।

## गर्मियों का ट्रेंड

दुनिया में दो तरह के लोग हैं: एक वो जो गर्मियों में हल्के कपड़े पहनना पसंद करते हैं और दूसरे वो जो पतझड़ के मौसम में बाहरी कपड़ों और लेयरिंग का बेसब्री से इंतज़ार करते हैं। आपकी पसंद चाहे जो भी हो, दोनों मौसमों को एक साथ पहनने मेंस फैशन का एक स्मार्ट तरीका है। इन दिनों गर्मियों के दिन के लिए हल्के कपड़ों का फैशन बाजार में छाया हुआ है। मॉडल भी इसे हाथों-हाथ ले रहे हैं।



लाइफ स्टाइल

# सूट सिलवाने जा रही हैं तो टेलर से जरूर कहें ये बातें, वरना लुक देखकर हंसेंगे लोग

सूट एक ऐसा परिधान है, जिसे किसी भी मौके पर पहना जा सकता है। शादी-विवाह से लेकर सूट को दफ्तर तक में लड़कियां पहनना पसंद करती हैं। यदि कहीं पूजा-पाठ के काम में जाना हो, तो भी सूट एक बेहतर विकल्प माना जाता है।

वैसे तो बाजार में अब रेडीमेड सूट आते हैं, लेकिन टेलर से सिलवाए हुए सूट की फिटिंग की बात ही अलग होती है। यदि आप भी टेलर भैया के पास सूट सिलवाने जा रही हैं तो उनसे कुछ बातें अवश्य कहें। अगर आप इन बातों को कहने में शर्माएंगी तो आपका पूरा लुक ही खराब हो सकता है।

### फिटिंग सही रखना

जब भी सूट सिलवाने जा रही हैं तो अपने टेलर को नाप सही से दें। यदि खुद नाप देने की जगह फिटिंग का सूट दे रही हैं तो टेलर से जरूर कहें कि फिटिंग परफेक्ट होनी चाहिए। सूट यदि हल्का ढीला या फिर टाइट हुआ तो ये न सिर्फ देखने में अजीब लगेगा, बल्कि इसे कैरी करके आपको भी असहज महसूस होगा। इसलिए सही फिटिंग की बात अवश्य कहें।

### यही डिजाइन रखना

कभी भी सूट में आस्तीन और गले की डिजाइन बनवाने के लिए टेलर से ये न कहें कि अपने मन से डिजाइन बना दो। बल्कि इसके लिए



खुद से ही डिजाइन का सिलेक्शन करें। अपनी पसंद के हिसाब से डिजाइन पसंद करें और टेलर से कहें कि जो डिजाइन बताई है वही रखना। डिजाइन को खराब मत करना।

### सिलाई मजबूत रखना

इस बात को टेलर से कहना कभी न भूलें। क्योंकि यदि सूट की सिलाई थोड़ी सी भी कमजोर हुई तो इसकी वजह से आपको शर्मिंदगी का शिकार होना पड़ सकता है। इसलिए अपने टेलर से कहें कि सिलाई अच्छे से मजबूती से ही करना, ताकि ये उधड़ न जाए।

# बैसाखी के लिए ऐसे सूट हैं परफेक्ट आज ही जाकर बाजार से खरीद लें



इस साल बैसाखी का त्योहार 13 अप्रैल को मनाया जाएगा। ऐसे में आप अपने लिए खूबसूरत सूट पहले से ही खरीद सकती हैं। पंजाब में बैसाखी का त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। इस त्योहार के लिए लोग सालभर इंतजार करते हैं, क्योंकि ये खुशियों और समृद्धि से जुड़ा हुआ त्योहार है।



इस दिन पुरुष और महिलाएं खूब अच्छे और पारंपरिक तरह से तैयार होते हैं। महिलाएं इसके लिए कई-कई दिन पहले से खरीदारी कर लेती हैं। यदि आप भी बैसाखी के दिन सबसे प्यारी दिखना चाहती हैं तो अपने लिए खास सूट तैयार कराएं। यहां हम आपको सूट के कुछ विकल्प देने जा रहे हैं, ताकि आपका अंदाज सबसे प्यारा दिखे।

### पटियाला सूट

यदि आप कुछ पारंपरिक पहनने का सोच रही हैं तो ऐसे सूट से बेहतर विकल्प आपके लिए हो नहीं सकता। आप चाहें तो इस तरह का गुलाबी पटियाला और उसके साथ पीले रंग का कुर्ता अपने लिए बनवा सकती हैं। ऐसे सूट के साथ अपने लुक को पारंपरिक ही रखें और बालों में चोटी के साथ परांदा लगाएं।

### शरारा सूट

कुछ अलग सा परिधान कैरी करना है तो शरारा सूट एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। ये पहनने में भी काफी आरामदायक होता है। इसे बनवाते समय कुर्ते को शॉर्ट रखें और उसके साथ पहने जाने वाले शरारा में घेर काफी ज्यादा रखें। कम घेर वाला शरारा आपका लुक बिगाड़ सकता है।

### अगंरखा सूट

ये सूट दिखता तो अनारकली के जैसा ही है, लेकिन इसकी फ्रंट की डिजाइन काफी अलग होती है। ऐसे में आप भी यदि कुछ अलग लेकिन हैवी सा पहनने का सोच रही हैं तो अपने लिए ऐसा ही अंगरखा सूट तैयार कराएं। ऐसे सूट बाजार के साथ-साथ ऑनलाइन भी आसानी से मिल जाते हैं।

# गर्मी से झुलसने लगा चेहरा तो इस्तेमाल करके देख लें एलोवेरा से बने मास्क

अप्रैल का महीना चल रहा है और तेज धूप की वजह से लोगों का हाल बेहाल है। इस धूप का असर न सिर्फ लोगों के स्वास्थ्य बल्कि उनकी त्वचा पर भी देखने को मिल रहा है। तेज धूप के कारण लोगों की त्वचा अभी से बेजान रहने लगी है। सनबर्न और टैनिंग ने अभी से लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। ऐसे में चेहरे का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है।

यदि आप भी इन्हीं तरह की दिक्कतों से परेशान हैं तो एलोवेरा से बने कुछ फेस मास्क को इस्तेमाल करके देखें। एलोवेरा से बने ये फेस मास्क आपके चेहरे को डाइड्रेट रखेंगे और त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम करेंगे। इस फेस मास्क के इस्तेमाल से पहले एक बार पैच टेस्ट अवश्य करें, ताकि किसी तरह की एलर्जी की संभावना न रहे।

### एलोवेरा और शहद

इन दोनों चीजों से मास्क बनाना काफी आसान है। इसके लिए आपको बस एक कटोरी में इन दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करना है। इसे मिक्स करते समय ये ध्यान रखें कि ये ज्यादा पतला न हो, वरना



चेहरे पर लेयर नहीं बन पाएगी। मिश्रण तैयार होने के बाद चेहरे पर इसकी एक पतली लेयर लगाएं। 20 मिनट के बाद अपने चेहरे को पानी से धो लें। इससे भी आपको राहत मिलेगी।

### एलोवेरा और नींबू

नींबू वाले इस मास्क का इस्तेमाल तभी करें, जब ये आपको सूट करता हो। क्योंकि अक्सर नींबू की वजह से ही लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस मास्क को तैयार करने के लिए सबसे पहले एलोवेरा और नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट के बाद अपने चेहरे को पानी से धो लें और कुछ ही दिन बाद इसका असर देखें।


# गर्मी में भी फट रहे हैं होंठ तो इस्तेमाल करें इन्हें, मिलेगा आराम

सर्दियों में होंठ फटना तो बेहद आम बात है, लेकिन जब गर्मी में भी होंठ फटते हैं, तो ये चिंता का विषय हो जाता है। लेकिन आज के समय में तेज धूप, प्रदूषण और अन्य परेशानियों की वजह से ज्यादातर लोग होंठों के फटने से परेशान हैं।

यदि आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जिनके होंठ गर्मी में फट रहे हैं तो कुछ चीजों का इस्तेमाल करके आप इस परेशानी से राहत पा सकते हैं। यहां हम आपको इन्हीं चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी इस परेशानी से आतान तरीके से राहत पा सकें।

**नारियल का तेलः** यदि आपके होंठ फटना बंद नहीं हो रहे हैं तो आप नारियल के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले तत्व आपके होंठों को सूखने से बचाते हैं। इसका इस्तेमाल करना काफी आसान है। इस्तेमाल के लिए केवल रात के समय में होंठों पर नारियल का तेल लगाएं और ऐसे ही सो जाएं।

**शहदः** शहद के इस्तेमाल से आपको फटे हुए होंठों से राहत मिलेगी। इसके इस्तेमाल के लिए होंठों पर



शहद की पतली सी लेयर लगाएं। 10 से 15 मिनट तक इसे ऐसे ही होंठों पर लगा रहने दें और फिर हल्के हाथ से पोंछ लें। हल्के हाथ से पोंछने के बाद होंठों पर मॉइश्चराइजर लगाएं और सो जाएं।

**एलोवेराः** एलोवेरा का पौधा तो लगभग हर घर में होता है। ऐसे में आप इसके इस्तेमाल से भी अपने फटे हुए होंठों को सही कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए रात के समय एलोवेरा जेल को होंठों पर लगाएं और फिर कुछ ही दिनों में इसका असर देखें।

## कार्नर न्यूज

## कपड़ों के रंगों के अनुसार भी शरीर को मिलती है ठंडक

# गर्मी के मौसम में हर किसी के पास होने चाहिए इन रंगों के कपड़े, जो पहुंचाएंगे पूरा आराम

यदि गर्मी के मौसम में आप शरीर को ठंडक पहुंचाना चाहते हैं तो कुछ खास रंगों के कपड़े खरीदकर अपने कलेक्शन में उन्हें शामिल करें। हर कोई मौसम के हिसाब के अपने कपड़ों का चयन करता है। किस मौसम में कौन से फैब्रिक के कपड़े पहनने हैं, इस बारे में तो हर कोई जानता है, लेकिन किस रंग के कपड़े पहनने चाहिए ये ज्यादातर लोगों के लिए बड़ा सवाल होता है। आपके इसी सवाल का जवाब आज हम देंगे। यहां हम आपको बताएंगे कि गर्मी के मौसम में किस रंग के कपड़े पहनने चाहिए। खास हल्के रंगों के कपड़े आपके शरीर के तापमान को मैंटेन करके रखते हैं। ऐसे में यदि आप खास रंगों के कपड़े गर्मी के मौसम में पहनेंगे तो आपके शरीर को भी गर्मी से राहत मिलेगी।



**सफेदः** गर्मी के मौसम में हर किसी के पास सफेद रंग के आउटफिट तो होने ही चाहिए। सफेद रंग शरीर को काफी ठंडक पहुंचाते हैं। पुरुषों के पास इस रंग की शर्ट और टीशर्ट अवश्य होना चाहिए। वहीं महिलाओं के पास भी इस रंग के कपड़े होने चाहिए। सफेद रंग के आउटफिट्स को अलग-अलग तरह स्टाइल किया जा सकता है।

**स्काई ब्लूः** डार्क नीला रंग तो गर्मी के मौसम में आपको परेशान कर सकता है, लेकिन यदि आप स्काई ब्लू रंग के कपड़े पहनेंगे तो आपको अवश्य ही आराम मिलेगा। स्काई ब्लू रंग न सिर्फ आंखों को देखने में भाता है, बल्कि इसको पहनने से शरीर को भी ठंडक मिलती है। ऐसे में आप भी इस रंग के कपड़े कैरी कर सकते हैं।

**पीच कलरः** ये रंग हल्का और



आरामदायक होता है, और आपको कूल बनाए रखता है। बाजार में पीच रंग के कई शेड मिलते हैं, जिसे आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीद सकते हैं। ये रंग लड़कों के साथ-साथ लड़कियों पर भी खूब जचता है। इसे भी आप आसानी से कभी भी कैरी कर सकते हैं।

**बेबी पिंकः** यदि आप गर्मी के मौसम में डार्क गुलाबी रंग के कपड़े पहनेंगे तो इससे आपको ही परेशानी होगी। इसलिए इस मौसम में पहनने के लिए बेबी पिंक रंग के आउटफिट अपने कलेक्शन में शामिल करें। हल्का गुलाबी रंग आपको न सिर्फ खूबसूरत दिखने में मदद करता है, बल्कि इस रंग को कैरी करने से आपको भी अच्छा लगेगा।

**लाइट येलोः** पीला रंग देखने में अच्छा भी लगता है। यदि आप गर्मी के मौसम में पहनने के लिए कुछ खास रंग की तलाश कर रहे हैं तो हल्का पीला रंग आपके लिए बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। ऐसे में ज्यादा सोचें नहीं और झटपट से इन्हीं रंगों को अपने कलेक्शन में साबित करें।